www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:47 बजे
सूर्यास्त शाम 5:33 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-75 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-1 रूपये ● वीरवार 20 नवंबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज ब्रीफ

### खड़े ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, 6 की मौत

**कोंडागांव|** 18 नवंबर की रात कोंडागांव जिले में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो खड़े ट्रक में जा घुसी, जिसमें दो परिवारों के 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों में 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें जगदलपुर रेफर किया गया है। हादसा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हुआ। मृतकों की पहचान नूतन मांझी (18), शत्रुघ्न मांझी (26), लखनराम मंडावी (40), उपेंद्र मंडावी (17), रूपेश मंडावी (23) के रूप में हुई है, जबकि एक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। सभी लोग छत्तीसगढ़ मूवी देखकर लौट रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। मृतकों में लखनराम मंडावी और उपेंद्र मंडावी पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं।

### राफेल बिक्री रोकने को चीन की फर्जी कैंपेन

**न्यूयॉर्क|** एक अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट में दावा किया है कि चीन ने फ्रांसीसी लड़ाकू विमान राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अभियान चलाया। यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमिशन की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, मई में भारत-पाक के बीच हुए सैन्य तनाव के तुरंत बाद चीन ने नकली सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए प्रचार शुरू किया कि भारतीय वायुसेना का राफेल चीन के हथियारों से गिराया है। रिपोर्ट में कहा AI से तैयार तस्वीरें ऑनलाइन फैलाईं, जिनमें राफेल के कथित मलबे को दिखाया था। इसका उद्देश्य राफेल की छवि खराब कर बिक्री रोकना, अपने J-35 लड़ाकू विमानों को बढ़ावा देना था।

### भारत को Su-57 स्टेल्थ फाइटर देने को तैयार रूस

**दिल्ली|** रूस ने भारत को अपनी पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट Su-57 देने की सहमति दे दी है। दुबई एयर शो में रूसी रक्षा कंपनी रॉस्टेक के CEO सेर्गेई केमेज़ोव ने घोषणा की कि रूस न सिर्फ Su-57 सप्लाई करने को तैयार है, बल्कि इसकी पूरी तकनीक बिना शर्त ट्रांसफर करेगा। रूस ने कहा यदि भारत चाहे तो Su-57 का उत्पादन भारत में ही किया जा सकता है, और यहां तक कि टू-सीटर Su-57 मॉडल की संयुक्त योजना भी संभव है। दशकों से रूस भारत का सबसे बड़ा मिलिट्री सप्लायर रहा है और फाइटर जेट्स से लेकर सबमरीन, मिसाइल सिस्टम और हेलिकॉप्टर तक भारत को लगातार उपलब्ध कराता रहा है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerex-press@gmail.com पर भेजें।*

# अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत पहुंचा गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई

## ▪ भानु प्रताप नाम से एक नकली भारतीय पासपोर्ट का भी इस्तेमाल कर कई देशों की यात्रा की

## सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी के मर्डर का आरोपी और सलमान खान फायरिंग केस में था वांटेड

**समर न्यूज | नई दिल्ली**

कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई अनमोल बिश्नोई बुधवार अमेरिका से डिपोर्ट किए जाने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा के बीच उतरा। अमेरिका के लुइसियाना में उसकी आसाइलम याचिका खारिज होने के बाद अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने उसे भारत भेजने का फैसला लिया था। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही केंद्रीय एजेंसियों, सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस की विशेष इकाइयों ने उसे अपने घेरे में ले लिया। अनमोल उन तीन भारतीयों में शामिल था जिन्हें अमेरिका ने अवैध प्रवेश मामलों में वापस भेजा है। बाकी दोनों व्यक्ति भी पंजाब के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा इंतजाम इतने सख्त थे कि टर्मिनल-3 को कुछ देर के लिए आम यात्रियों से लगभग खाली कर दिया गया।

**▪ सीधे कोर्ट और फिर एजेंसियों की कस्टडी की तैयारी**

अधिकारियों के अनुसार, अनमोल को कड़ी सुरक्षा के बीच सीधे पटियाला हाउस कोर्ट ले जाया जाएगा। वहां से उसे एनआई ने 11 दिन की अपनी कस्टडी में ले लिया। चूंकि उसके खिलाफ एनआईए, मुंबई पुलिस और पंजाब पुलिस—तीनों के पास गंभीर मामले दर्ज हैं, इसलिए केंद्र यह निर्णय करेगा कि किस केस को प्राथमिकता दी जाए। एनआईए पहले ही अनमोल के खिलाफ 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर चुकी है, ऐसे में संभावना है कि उसकी प्रारंभिक कस्टडी एनआईए को ही दी जाए। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अनमोल से पूछताछ के लिए कई एजेंसियां एक-दूसरे से समन्वय बना कर चलेंगी, क्योंकि उसके अपराध कई राज्यों और देशों तक फैले हुए हैं।

Passport made on fake particulars




अनमोल ने जिस फर्जी नाम से पासपोर्ट बनवाया था। -समर न्यूज




एनआईए की गिरफ्त में अनमोल बिश्नोई की पहली तस्वीर। -समर न्यूज

### ▪ कौन है अनमोल बिश्नोई

*अनमोल बिश्नोई बिश्नोई गैंग का सक्रिय सदस्य और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है। पिछले कुछ वर्षों में उसका नाम कई हाई-प्रोफाइल मामलों में सामने आया। वह सोशल मीडिया और इंटरनेट कॉलिंग ऐप्स के माध्यम से भारत में बैठे गैंग के शूटरों और सहयोगियों को लगातार निर्देश देता रहा था। कई मामलों में वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग की विदेशी गतिविधियों का समन्वयक माना जाता है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अनमोल ने फर्जी दस्तावेज़ों के सहारे रूस का पासपोर्ट बनवाया था और भानु प्रताप नाम से एक नकली भारतीय पासपोर्ट का भी इस्तेमाल करता रहा। इन दस्तावेजों की मदद से वह कई देशों के बीच यात्रा कर सकता था और एजेंसियों से बचता रहा।*

**▪ सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में लिंक...**

*सिद्धू मूसेवाला की हत्या (मई 2022) के बाद जांच एजेंसियों ने जो नेटवर्क उजागर किया था, उसकी एक अहम कड़ी अनमोल भी था। एजेंसियों को शक है कि शूटर्स की व्यवस्था, उनके लिए ठिकाने और हथियार उपलब्ध करवाने के लिए विदेश से जो निगरानी और निर्देश जारी किए गए थे, उसमें अनमोल की सीधी भूमिका थी। उसकी डिजिटल गतिविधियों की कई जांच रिपोर्ट्स में यह संकेत मिला था कि वह लगातार कनाडा और अमेरिका से अपने गैंग को हिदायतें भेजता था। उसके भारत लाए जाने के बाद इस मामले में कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश पड़ने की उम्मीद है।*

**▪ बाबा सिद्दीकी की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता...**

*2024 में महाराष्ट्र के राजनेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या ने पूरे राजनीतिक और फिल्मी जगत को झकझोर दिया था। उनकी हत्या की साजिश विदेश से रचे जाने का संदेह शुरू से ही व्यक्त किया जा रहा था, और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, अनमोल बिश्नोई का नाम इस पूरे मामले में मुख्य भूमिका निभाने वाले व्यक्ति के रूप में सामने आया। मुंबई पुलिस ने पहले ही उसके खिलाफ गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण के लिए विस्तृत डोजियर तैयार कर केंद्र को सौंप दिया था। बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को हाल ही में अमेरिका से आधिकारिक मेल मिला, जिसमें अनमोल बिश्नोई को डिपोर्ट किए जाने की पुष्टि की गई। उन्होंने कहा है कि अब उम्मीद है कि उनके पिता को न्याय ज़रूर मिलेगा और अपराधी को उचित सजा मिलेगी।*

**▪ सलमान खान के घर फायरिंग केस में भी वांटेड...**

*अप्रैल 2024 में अभिनेता सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर हुई फायरिंग ने पूरे देश को चौंका दिया था। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि फायरिंग का निर्देश अनमोल बिश्नोई ने विदेश से दिया था। इस खुलासे के बाद एनआईए और मुंबई पुलिस ने उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी थी। उसके विदेश में होने और लगातार अपनी लोकेशन बदलने के कारण एजेंसियां उस तक सीधे पहुंच नहीं पा रही थीं। डिपोर्टेशन के बाद इस केस में भी महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की उम्मीद है।*

**▪ अमेरिका और कनाडा में लंबे समय तक फरारी...**

*अधिकारियों ने बताया कि अनमोल पिछले कई वर्षों से अमेरिका और कनाडा के बीच लगातार यात्रा कर रहा था और अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी पासपोर्टों का उपयोग कर रहा था। नवंबर 2023 में पहली बार उसे अमेरिका में पकड़ा गया था। बाद में इस वर्ष की शुरुआत में वह कनाडा में भी हिरासत में आया, पर नए फर्जी दस्तावेज़ों के सहारे फिर फरार होने में कामयाब हो गया। उसके खिलाफ जारी रेड कॉर्नर नोटिस ने अमेरिका को उसे भारत भेजने के लिए प्रेरित किया। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने उसकी आसाइलम याचिका की समीक्षा के बाद इसे अस्वीकार कर दिया।*

**▪ कई एजेंसियों का समन्वय, बड़े खुलासों की उम्मीद...**

*अनमोल के भारत लौटते ही एनआईए, पंजाब पुलिस, मुंबई पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीमें सक्रिय हो गई हैं। माना जा रहा है कि उससे की जाने वाली पूछताछ में कई मामलों की नई कड़ियाँ सामने आएंगी। खासकर मूसेवाला हत्या, बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ को धमकी देने की घटनाओं और भारत-पाकिस्तानी गैंग नेटवर्क के बीच संबंधों पर महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है।*

**▪ डिपोर्टेशन सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी सफलता...**

*केंद्रीय अधिकारियों ने कहा कि यह डिपोर्टेशन "लंबे समय से चल रही कूटनीतिक और खुफिया कोशिशों की बड़ी उपलब्धि" है। अनमोल वर्षों से विदेशी ठिकानों पर बैठकर भारतीय कानून से बचता फिर रहा था। अब उसके भारत आने के बाद कई गंभीर मामलों में जांच तेज होने की संभावना है और कई हाई-प्रोफाइल अपराधों की साजिश के पीछे छिपे नाम उजागर हो सकते हैं।*

# 272 सेवानिवृत्त जजों, नौकरशाहों और सैन्य अफसरों की खुली चिट्ठी

## आरोपः चुनाव आयोग की छवि खराब कर रहे राहुल गांधी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश के 272 वरिष्ठ नागरिकों—जिनमें 16 रिटायर्ड न्यायाधीश, 123 पूर्व नौकरशाह और 133 सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी शामिल हैं—ने एक खुला पत्र जारी कर विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर संवैधानिक संस्थाओं, विशेषकर चुनाव आयोग, की साख को कमजोर करने का आरोप लगाया है। खुले पत्र में कहा गया है कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे पर हथियारों से नहीं, बल्कि उन संस्थाओं पर बढ़ते मौखिक हमलों से चोट पहुँच रही है, जो लोकतंत्र की नींव हैं। पत्र के अनुसार, कुछ राजनीतिक दल वैचारिक बहस और नीतिगत विकल्प देने के बजाय लोगों में अविश्वास फैलाने वाली उकसाऊ बयानबाजी का सहारा ले रहे हैं। पत्र में लिखा है, "राजनीतिक नाटक के तहत बिना सबूत आरोप लगाकर संस्थाओं की गरिमा को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। पहले सशस्त्र बलों की उपलब्धियों पर सवाल उठाए गए, फिर न्यायपालिका और संसद पर शंका प्रकट की गई। अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है और उसकी विश्वसनीयता को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।" वरिष्ठ नागरिकों ने खास तौर पर राहुल गांधी के हालिया बयानों पर चिंता जताई है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता चुनाव आयोग की ईमानदारी पर बार-बार सवाल खड़े कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि उनके पास "वोट चोरी" के 100 प्रतिशत स्पष्ट सबूत हैं। पत्र के अनुसार, इस तरह के बयान न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर अविश्वास पैदा करते हैं, बल्कि उन करोड़ों नागरिकों का मनोबल भी गिराते हैं जो चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने में योगदान देते हैं। खुले पत्र के अंत में कहा गया है कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर अनर्गल आरोप लगाना देशहित में नहीं है। पत्र में सभी राजनीतिक दलों से अपील की गई है कि वे लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करें और सार्वजनिक विमर्श को तथ्यों और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाएं।

# पाक में इमरान की बहनों से बदसलूकी, पुलिस ने सड़क पर घसीट हिरासत में लिया

**एजेंसी | रावलपिंडी**

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनों के साथ मंगलवार को रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर गंभीर बदसलूकी की घटना सामने आई है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का कहना है कि उनकी बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाज़ी और डॉ. उज्मा खान शांति से जेल के बाहर बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन उठाने की कोशिश की और जमीन पर घसीटते हुए हिरासत में ले गई। पीटीआई ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर इमरान खान और उनके परिवार की मुलाकातों में बाधा डाल रही है। पार्टी द्वारा साझा किए गए वीडियो में अलीमा और उज्मा, नोरीन को संभालती नजर आती हैं, जबकि नोरीन स्पष्ट रूप से डरी हुई दिखाई देती हैं। वीडियो में अलीमा कहती सुनाई देती हैं कि उन्हें सड़क पर घसीटा गया और महिला पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। नोरीन खान ने भी एक अलग वीडियो में कहा, "मैं बस खड़ी थी कि एक पुलिसकर्मी आई और मुझे जमीन पर पटक दिया। फिर हाथ-पैर पकड़कर घसीटा गया। यह समझ से परे है कि वे इस हद तक गिर सकते हैं। पंजाब पुलिस का रवैया बेहद क्रूर है।" पीटीआई ने कहा कि केवल इमरान की बहनों ही नहीं, बल्कि खैबर पख्तूनख्वा की मंत्री मीना खान अफरीदी, सांसद शाहिद खट्टक और कई महिला कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने निशाना बनाया। पार्टी ने यह भी दावा किया कि जिस स्थान पर इमरान की बहनें खड़ी थीं, वहां की सभी लाइटें बंद कर दी गईं और इसके बाद धक्का-मुक्की शुरू हुई। पार्टी का कहना है कि अदालत ने इमरान खान को परिवार से मुलाकात का अधिकार दिया है, लेकिन सरकार इन मुलाकातों को असंभव बनाने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि इमरान खान अगस्त 2023 से अदियाला जेल में बंद हैं। वह अल-कादिर ट्रस्ट मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों के तहत सजा काट रहे हैं। जनवरी 2025 में अदालत ने उन्हें 14 साल की कैद की सजा दी थी। उनके खिलाफ तोशाखाना और सिफ़र जैसे कई अन्य केस भी दर्ज हैं, जिन्हें पीटीआई राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताती है।



वीडियो से क्लिक की गई फोटो में तीनों बहनें। -समर न्यूज

# काजोल ने किराये पर दी प्रापर्टी, 9 साल में आएंगे 8.6 करोड़

**एजेंसी | मुंबई**

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल देवगन ने मुंबई के गोरेगांव वेस्ट स्थित एक रिटेल यूनिट को नौ वर्ष की अवधि के लिए किराये पर दिया है। यह सौदा नवंबर 2025 में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन महाराष्ट्र में दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार काजोल ने यह कमर्शियल यूनिट इसी वर्ष खरीदी थी, जिसकी पुष्टि रियल एस्टेट प्लेटफॉर्म स्क्वायर याड्र्स ने की है। भारत अराइज प्रोजेक्ट में स्थित 1,817 वर्ग फुट कार्पेट एरिया वाले इस रिटेल स्पेस के साथ एक कार पार्किंग भी शामिल है। किरायेदारी समझौते के मुताबिक शुरुआती तीन वर्षों के लिए मासिक किराया 6.9 लाख रखा गया है। प्रत्येक तीन वर्षों के बाद किराये में 15 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। दूसरी अवधि में किराया बढ़कर 7.9 लाख रुपये प्रति माह हो जाएगा, जबकि अंतिम तीन वर्षों के दौरान यह बढ़कर 9.13 लाख रुपये प्रति माह हो जाएगा। पूरे नौ वर्ष की अवधि में काजोल को किराये से लगभग 8.6 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। इस सौदे पर 5.61 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी और 30,000 रुपये के पंजीकरण शुल्क का भुगतान किया गया है।



# सिडनी में सड़क पार कर रही गर्भवती की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत

**सिडनी|** सिडनी के उपनगर हॉर्न्सबी में एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में आठ महीने की गर्भवती भारतीय मूल की महिला की मौत हो गई। 33 वर्षीय समन्वय धारेश्वर के साथ हादसा उस समय हुआ जब वह अपने पति और तीन साल के बेटे संग सड़क पार कर रही थीं। समन्वय धारेश्वर को पीछे से एक तेज़ रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने टक्कर मार दी, जिसे 19 वर्षीय आरोन पापाज़ोग्लू चला रहा था। हादसा इतना भीषण था कि समन्वय को मौके पर ही गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत वेस्टमीड अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें और उनके अजन्मे बच्चे को बचा नहीं सके। चालक को हिरासत में ले लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मृतका।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

## टैगिंग के बाद तीनों फाल्कन ने शुरू की 3,000 किमी की अरेबियन सी क्रॉसिंग

# उपग्रह-टैग किए गए फाल्कन मणिपुर से उड़े, अब अफ्रीका रवाना

***▪ अपापांग सोमालिया पहुंच चुका, दो अब भी समुद्र के ऊपर***

**समर न्यूज | मुंबई**

उपग्रह से ट्रैक किए जा रहे अमूर फाल्कन के प्रवास में इस बार एक नई उपलब्धि दर्ज हुई है। मणिपुर में पिछले हफ्ते तीन फाल्कन—अपापांग (नर), आहू और अलंग (मादा) को वाइल्डलाइफ़ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) के 'मणिपुर अमूर फाल्कन ट्रैकिंग प्रोजेक्ट' के फेज-2 के तहत सैटेलाइट टैग किया गया। 11 नवंबर को तमेंगलॉन्ग ज़िले के चिउलुआन रोस्टिंग साइट पर इन्हें छोड़ा गया था। टैगिंग ऑपरेशन तमेंगलॉन्ग फ़ॉरेस्ट डिवीज़न और डब्ल्यूआईआई ने मिलकर किया। तमेंगलॉन्ग के डीएफ़ओ गरीबम हिटलर सिंह ने बताया, "हमने 10 पक्षी पकड़े, जिनमें से तीन को 3.5 ग्राम के सैटेलाइट ट्रांसमीटर लगाए गए। इन्हें 11 नवंबर की शाम लगभग 4 बजे छोड़ा गया।" तीनों फाल्कन ने महाराष्ट्र के ऊपर से उड़ान भरी नर फाल्कन अपापांग रत्नागिरी के वेलास के ऊपर से गुज़रा, जबकि आहू और अलंग क्रमशः विरार और मालवण के पास से आगे बढ़े। ये पक्षी लगभग 3,000 किमी की दूरी 76 घंटे की निरंतर उड़ान में तय करते हुए अरेबियन सी पार करने वाले हैं। 18 नवंबर तक, अपापांग अरब सागर पार कर सोमालिया पहुंच भी चुका था। आहू और अलंग अभी समुद्र के ऊपर हैं और जल्द ही वहां पहुंचने की उम्मीद है। अफ्रीका के हॉर्न क्षेत्र में प्रवेश के बाद अपापांग सोमालिया के रेगिस्तान से होते हुए केन्या सीमा के पहाड़ी वनों की ओर बढ़ चुका है। उसने ज़मीन पर अतिरिक्त 1,000 किमी की उड़ान भरी है, जिससे छह दिन आठ घंटे में उसकी कुल यात्रा लगभग 6,100 किमी हो गई।



अमूर फाल्कन पूर्वी एशिया से दक्षिणी अफ्रीका की ओर प्रवास करते हैं। फोटोः मणिपुर वन विभाग / डब्ल्यूआईआई -समर न्यूज

### अमूर फाल्कन के बारे में...

*अमूर फाल्कन पूर्वी एशिया से दक्षिणी अफ्रीका तक प्रवास करने वाला अद्भुत शिकार पक्षी है। यह नागालैंड के डोयांग डैम क्षेत्र में लगभग दो महीने रुककर अपनी ऊर्जा जुटाता है और फिर भारतीय महासागर के ऊपर लंबी निर्बाध उड़ान भरता है। चीन से अफ्रीका तक इसका कुल प्रवास मार्ग 20,000 किलोमीटर से भी अधिक होता है, जिसमें यह अरब सागर की कठिन यात्रा भी शामिल है।*

# पूर्व फौजी ने पत्नी-सास की हत्या की, खुद को मारी गोली

## ▪ पुलिस घेराबंदी के बीच आत्महत्या; 2016 से चल रहा था वैवाहिक विवाद

**समर न्यूज | गुरदासपुर**

केंद्रीय जेल गुरदासपुर में निजी सुरक्षा कंपनी के तहत तैनात एक पूर्व सैनिक ने सरकारी AK-47 राइफल से अपनी पत्नी और सास की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी अपने सरकारी क्वार्टर में जाकर छिप गया और पुलिस के मनाने के बावजूद आत्मसमर्पण नहीं किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसने उसी राइफल से खुद को गोली मार ली। आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो फौज से रिटायर होने के बाद जेल में गार्ड के तौर पर नौकरी कर रहा था। ड्यूटी के लिए उसे AK-47 राइफल दी गई थी, जिसे उसने इस हमले में इस्तेमाल किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, गुरप्रीत और उसकी पत्नी अकविंदर कौर के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। वर्ष 2016 से अकविंदर अपने मायके में रह रही थी। मंगलवार देर रात गुरप्रीत ड्यूटी से निकला और राइफल के साथ सीधे अपनी पत्नी के मायके पहुंचा। वहां मौजूद पत्नी और सास गुरजीत कौर पर उसने लगातार गोलियां बरसा दीं, जिससे दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर ली और आरोपी को बाहर आने तथा हथियार डालने के लिए कई बार कहा, लेकिन उसने किसी तरह की बातचीत से इंकार कर दिया। काफी देर तक चली समझाइश के बाद अचानक अंदर से गोली चलने की आवाज आई। पुलिस ने अंदर आकर देखा तो गुरप्रीत गंभीर हालत में मिला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने भी आरोप लगाया है कि गुरप्रीत अपनी पत्नी को लगातार धमकाता था।



पुलिस के द्वारा घेराबंदी की गई। -समर न्यूज

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर समर्पित भव्य नगर कीर्तन श्रीनगर से रवाना

## 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में पूर्ण होगा ऐतिहासिक नगर कीर्तन

**समर न्यूज़ | श्रीनगर**

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशाल और ऐतिहासिक नगर कीर्तन मंगलवार को गुरुद्वारा छठी पातशाही, श्रीनगर से खालसाई परंपराओं के साथ श्री आनंदपुर साहिब के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उपस्थित होकर संगत के साथ अरदास में हिस्सा लिया। नगर कीर्तन पंज प्यारों की अगुवाई में जम्मू, दसूहा, पठानकोट, माहिलपुर, होशियारपुर और गढ़शंकर सहित कई शहरों से होते हुए 22 नवंबर को पवित्र श्री आनंदपुर साहिब में सम्पन्न होगा। यात्रा के दौरान 19 नवंबर को रात का पड़ाव जम्मू में, 20 को पठानकोट में और 21 नवंबर को होशियारपुर में रहेगा। भक्ति और श्रद्धा से भरपूर इस नगर कीर्तन में देश-विदेश से आई संगतें शामिल हो रही हैं। संगत की सुविधा के लिए एम्बुलेंस, लंगर सेवा, डिजिटल म्यूजियम और अन्य व्यवस्थाओं के साथ पूरा काफिला तैयार किया गया है।



गुरुद्वारा छठी पातशाही श्रीनगर से नगर कीर्तन रवाना के दौरान पूर्व सीएम अरविन्द केजरीवाल, सीएम भगवंत सिंह मान और उमर अब्दुला, पंजाब के मंत्री और संगत। -समर न्यूज़

रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकते हुए सरबत के भले की अरदास की। नेताओं ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की अतुलनीय शहादत मानवता के लिए सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है और यह अवसर सभी के लिए सौभाग्य लेकर आया है। उन्होंने इस आयोजन को पंजाब सरकार पर अकाल पुरख की कृपा बताया और कहा कि प्रशासन इस ऐतिहासिक पल को पूरी श्रद्धा के साथ निभा रहा है। पंजाब सरकार द्वारा 25 अक्टूबर से शुरू कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिल्ली, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में लाइट एंड साउंड शो, कीर्तन दरबार, धार्मिक सम्मेलन और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। 20 नवंबर को तलवंडी साबो, फरीदकोट और गुरदासपुर से भी तीन नगर कीर्तन रवाना होंगे, जो 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में एकत्रित होंगे। 23 से 25 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब में विशाल समागम, ड्रोन शो, धार्मिक सम्मेलन, रक्तदान शिविर और पौधारोपण जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए "चक्क नानकी" नामक टेंट सिटी भी बनाई जा रही है।

# आरएसएस नेता के बेटे की हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार, छह के खिलाफ मामला दर्ज



पुलिस हिरासत में आरोपी -समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | फ़िरोज़पुर**

आरएसएस नेता बलदेव अरोड़ा के बेटे नवीन अरोड़ा की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले के एसएसपी फ़िरोज़पुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस हत्याकांड में शामिल छह आरोपियों में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान हर्ष और कनव के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया कि इस वारदात की साज़िश आरोपियों कनव, हर्ष और बादल ने कनव के जन्मदिन पर उसके घर पर बैठकर रची थी। हत्या से पहले आरोपियों ने नवीन अरोड़ा की तलाश की और उसकी गतिविधियों पर नज़र रखी। इस वारदात को अंजाम देने के लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश से हथियार मंगवाए थे। घटना के बाद दोनों शूटर मौके से फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों से मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए हैं, जिनकी तकनीकी जांच चल रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार अपराधियों का भी पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कपूरथला में जग्गा फुकीवाल फिरौती गिरोह के तीन गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़/कपूरथला**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रहे अभियान के तहत गैर-कानूनी हथियारों के नेटवर्क के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए कपूरथला पुलिस ने जग्गा फुकीवाल फिरौती गिरोह के तीन गुर्गों को नौ देसी पिस्तौलों और जिंदा कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को यहां दी।



गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अमनदीप उर्फ अमन निवासी ताशपुर, सुल्तानपुर लोधी, हरजीत सिंह उर्फ जीता निवासी खानपुर ढड्डा, नकोदर, (जालंधर) और लवप्रीत उर्फ बाबा निवासी मोहल्ला बगीची, जमशेर, (जालंधर) के रूप में हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी अमनदीप सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र में जग्गा फुकीवाल फिरौती गिरोह का सक्रिय सदस्य है और गोलीबारी तथा जबरन वसूली की घटनाओं को अंजाम देने के लिए स्थानीय गिरोहों को हथियार पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में आरोपियों के नेटवर्क और कड़ियों का पता लगाने के लिए आगे जांच जारी है, ताकि पूरे गैर-कानूनी हथियार नेटवर्क को निष्क्रिय किया जा सके। ऑपरेशन से संबंधित विवरण साझा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कपूरथला गौरव तूरा ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने मुख्य आरोपी अमनदीप को कपूरथला के लिंक रोड तलवंडी महिमा से गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से चार पिस्तौल बरामद किए थे।

पूछताछ के दौरान आरोपी अमनदीप ने बताया कि उसने अपने साथियों लवप्रीत उर्फ बाबा और हरजीत सिंह उर्फ जीता को दो पिस्तौल सप्लाई किए थे। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से एक .32 बोर का देसी पिस्तौल और एक .315 बोर का देसी पिस्तौल बरामद किया।

एसएसपी ने बताया कि अमनदीप से और पूछताछ करने पर उसके घर में दबे तीन और देसी पिस्तौल बरामद हुए। जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी अपने विदेशी हैंडलर के निर्देशों पर मध्य प्रदेश से देसी हथियार खरीदकर आपराधिक तत्वों को आगे सप्लाई करते थे।

# अनीमिया मुक्त पंजाब' के लिए मान सरकार ने शुरू की मुहिम

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

एक स्वस्थ और सशक्त राज्य के निर्माण के लिए, पंजाब सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए अपनी ऐतिहासिक 'अनीमिया मुक्त पंजाब' मुहिम को निरंतर गति दी है। यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि लाखों माताओं, बेटियों और बच्चों के जीवन को सुरक्षित करने का एक दृढ़ संकल्प है, जो मौजूदा सरकार के नेतृत्व में सफलता की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। यह पहल स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि सरकार स्वास्थ्य सेवा को सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रखती, बल्कि इसे ज़मीनी स्तर पर उतारकर हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। पंजाब सरकार ने अपने प्राथमिक फोकस राज्य की बेटियों को सशक्त बनाने के लिए स्कूलों में अनीमिया



जांच के कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से जारी रखा है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छठी से बारहवीं कक्षा तक की लगभग 60,000 छात्राओं की व्यापक खून की जांच का कार्य प्रगति पर है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बच्ची अनीमिया से पीड़ित न रहे, क्योंकि स्वस्थ बेटी ही स्वस्थ पंजाब की नींव है। जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को अत्याधुनिक, बिना सुई चुभाए हीमोग्लोबिन स्तर मापने वाले उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। यह तकनीक न केवल जांच को त्वरित और पीड़ा रहित बनाती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि अनीमिया से पीड़ित पाई गई छात्राओं का तुरंत इलाज सुनिश्चित किया जाए। यह पंजाब सरकार की जन-केंद्रित स्वास्थ्य मॉडल का प्रमाण है, जहाँ पुरानी योजनाओं को नई ऊर्जा और तकनीक के साथ लागू किया जा रहा है। अनीमिया मुक्त पंजाब' मुहिम की सफलता स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास जैसे तीन महत्वपूर्ण विभागों के सफल और मज़बूत तालमेल का परिणाम है। इस तालमेल के माध्यम से राज्य सरकार ने आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियों के वितरण और बच्चों के पोषण स्तर को बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, लगभग 7.27 लाख छोटे बच्चों और 2.06 लाख गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं को आंगनबाड़ी केंद्रों और आशा वर्करों के माध्यम से आईएफए की गोलियों का 100 प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि मिड-डे मील की पौष्टिकता के स्तर को बढ़ाकर पोषण में सुधार किया जाए, ताकि यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को सुनिश्चित कर सके।

# प्रेमिका ने शादी से किया इनकार, युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**समर न्यूज़ | जालंधर**

शहर के भार्गव कैंप इलाके से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शादी से इनकार किए जाने के बाद अमनदीप सिंह नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अमनदीप भार्गव कैंप का ही रहने वाला था। घटना के बाद इलाके में शोक और गहरी चर्चा का माहौल है।

मृतक के परिवार ने आरोप लगाया है कि अमनदीप पिछले दो वर्षों से एक लड़की के साथ रिश्ते में था और दोनों की सगाई भी हो चुकी थी। परिवार के अनुसार, दोनों की सगाई लगभग दो साल पहले जालंधर के होटल डाउनटाउन में पारिवारिक सहमति से हुई थी। उस वक्त लड़की के परिवार ने लड़के की कम उम्र



अमनदीप भार्गव की फाइल फोटो

का हवाला देते हुए शादी को पाँच साल के लिए टालने का अनुरोध किया था, जिसे अमनदीप के परिवार ने मान लिया। सगाई के बाद लड़की उनके घर आती-जाती रही और दोनों नियमित रूप से फोन पर बात करते रहे।

परिवार के अनुसार, करीब एक महीने पहले लड़की ने अचानक अमनदीप से बात करना बंद कर दिया। इसके बाद युवक तनाव और अवसाद में रहने लगा। स्थिति बिगड़ने पर युवक की माँ और बहन लड़की से बात करने उसके घर गईं, लेकिन वहाँ कथित तौर पर उनके साथ बदसलूकी की गई और शादी से साफ़ इनकार कर दिया गया। परिवार का कहना है कि इन परिस्थितियों ने अमनदीप को अंदर तक तोड़ दिया। परिवार ने यह भी बताया कि मौत से पहले अमनदीप ने छह वीडियो रिकॉर्ड किए, जिनमें उसने अपने दर्द और मानसिक स्थिति के बारे में बात की। परिवार ने लड़की और उसके परिवार पर युवक को emotionally harass करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही भार्गव कैंप थाने की पुलिस मौके पर पहुँची और अमनदीप को पंखे से लटका पाया। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया।

# शादी का वादा कर 8 वर्षों तक शोषण

**समर न्यूज़ | बक्सर**

जिले में शादी का झांसा देकर लम्बे समय तक शारीरिक शोषण करने का एक गंभीर मामला उजागर हुआ है। नगर थाना क्षेत्र की एक युवती ने रघुनाथपुर निवासी सुलेमान अंसारी पर आठ साल तक अपने साथ संबंध बनाने, कई बार गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात कराने और अंततः शादी से साफ इंकार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2016 में उसके भाई की शादी के दौरान उसकी मुलाकात सुलेमान अंसारी से हुई थी। उस समय दोनों के बीच सामान्य जान-पहचान हुई, जो धीरे-धीरे बढ़कर नियमित बातचीत में बदल गई।

# कामकाजी महिलाओं के लिए पंजाब सरकार की बड़ी पहल

## राज्य में 5 नए वर्किंग वुमन के लिए बन रहे हैं हॉस्टल

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य की महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से बड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार



डॉ. बलजीत कौर

द्वारा 150 करोड़ रुपये की लागत से 5 वर्किंग वूमेन हॉस्टल बनाए जा रहे हैं, जो मोहाली, अमृतसर और जालंधर में स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मोहाली में 3, जबकि अमृतसर और जालंधर में एक-एक हॉस्टल बनाया जाएगा।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यह परियोजना राज्य की महिलाओं के लिए सुरक्षित, किफायती और आधुनिक आवासीय विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे हजारों कामकाजी महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने आगे बताया कि ये हॉस्टल केवल आवास तक सीमित नहीं होंगे, बल्कि इनमें मजबूत सुरक्षा प्रबंध, बुनियादी और आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी, ताकि महिलाओं का यह सफर और भी सुगम बन सके।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पंजाब सरकार की ओर से कई विभिन्न योजनाए और कार्यक्रम प्रभावी ढंग से चलाए जा रहे हैं, ताकि महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निर्माण कार्य तेजी से और उच्च स्तर के गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा किया जाए, ताकि यह सुविधा जल्द से जल्द महिलाओं के लिए उपलब्ध हो सके।

# पंजाब पुलिस ने 1.8 किलोग्राम हेरोइन सहित 110 नशा तस्कर गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों का सफाया करने के लिए छेड़ी गई व्यापक मुहिम "युद्ध नशों विरुद्ध" को लगातार 263वें दिन भी जारी रखते हुए पंजाब पुलिस ने आज 298 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्यभर में 92 एफआईआरें दर्ज करके 110 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 263 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 37,392 हो गई है।

इन छापों के दौरान गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 1.8 किलोग्राम हेरोइन, 1928 नशीली गोलियाँ और 7650 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। नशों के खिलाफ इस अभियान की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट



सब-कमेटी का भी गठन किया है।

इस ऑपरेशन में 60 गैज़ेटेड अधिकारियों की देखरेख में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से ज्यादा टीमों ने राज्यभर में 298 छापे मारे। पूरे दिन चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 316 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

राज्य सरकार द्वारा राज्य में से नशों के खात्मे के लिए सरकार द्वारा एन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) की तीन-स्तरीय रणनीति लागू की गई है। इसी कड़ी में पंजाब पुलिस ने आज 'डी-एडिक्शन' हिस्से के तहत 21 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार करवाने के लिए राज़ी किया है।

**सम्मेलन** 26वें अंतर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक, न्यायपूर्ण और समावेशी वैश्विक शासन की वकालत की

# ओम बिरला का आह्वान, वैश्विक न्याय और शासन में नया युग स्थापित करने के लिए न्यायाधीशों का सहयोग जरूरी

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 26 वें अंतर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विश्व न्यायपालिका और वैश्विक शासन संरचनाओं में गहराई से सुधार करने की अपील की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक चुनौतियां जैसे युद्ध, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और डिजिटल खतरों बेहद जटिल हैं और उनका सामना केवल एग्रेसिव राष्ट्रीय नीतियों से नहीं किया जा सकता। इसके लिए सामूहिक वैश्विक सहयोग, न्याय की मजबूत नींव और लोकतांत्रिक साझेदारी की आवश्यकता है।

बिरला ने संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान व्यवस्था पर भी सवाल उठाया और इसे 80 वर्षों पुरानी बताते हुए कहा कि अब यह मॉडल आधुनिक युग की चुनौतियों से मेल नहीं खाता।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वैश्विक शासन में सुधार को लोकतांत्रिक, न्यायपूर्ण और समावेशी बनाया जाना चाहिए ताकि ग्लोबल साउथ को उचित प्रतिनिधित्व मिले।

लोकसभा अध्यक्ष ने भारत की सांस्कृतिक परंपरा वसुधैव कुटुंबकम सारी दुनिया एक परिवार का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दर्शन ही भारत की नीति और दृष्टि का आधार रहा है। भारत, जो लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, उसने न सिर्फ शब्दों में बल्कि व्यवहार में भी यह सिद्ध किया है कि वह विश्व शांति, सहयोग और न्यायपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संबंधों का समर्थक है।

**वैश्विक चुनौतियों के प्रति विराट दृष्टिकोण** : ओम बिरला ने अपने भाषण में कहा कि आधुनिक युग में न्यायाधीशों की भूमिका सिर्फ कानूनी मामलों तक सीमित नहीं रह सकती। उन्हें उन गहन सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों पर भी मिलकर काम करना चाहिए, जो मानवता की सीमाओं को परखती हैं। उन्होंने युद्ध और आतंकवाद जैसे संकटों को रोकने के लिए न्यायालयों के बीच व्यापक बातचीत और समझ को अहम बताया। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय न्याय के संदर्भ में उन्होंने कहा कि विधिक संस्थाओं को सतत विकास की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इसके साथ ही डिजिटल दुनिया में उभरते एआई और अन्य तकनीकी खतरों के नैतिक उपयोग पर एक वैश्विक न्यायिक फ्रंट की जरूरत है।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संबोधित करते हुए -समर न्यूज़

**भारत की प्रतिबद्धता और योगदान** : अपने भाषण में, बिरला ने भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता के कुछ ठोस उदाहरण साझा किए: उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51 हमें "विश्व भाई-चारे" और अंतरराष्ट्रीय नैतिकता की ओर जोड़ता है। उन्होंने यूएन शांति मिशन में भारत की भागीदारी का भी उल्लेख किया और यह बताया कि भारत ने अब तक लगभग 3 लाख सैनिक भेजे हैं, जो दुनियाभर में शांति की स्थापना में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत ने 150 से अधिक देशों को दवाइयाँ उपलब्ध कराकर एक "ग्लोबल फार्मेसी" की भूमिका निभाई, जो इस बात का मजबूत उदाहरण है कि भारत न केवल अपनी सीमाओं के भीतर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भी मानवता और सहानुभूति का राजनयिक और व्यावहारिक मॉडल पेश कर सकता है।

**न्यायपालिका को नई चुनौतियों के लिए तैयार करना** : बिरला ने न्यायाधीशों से आग्रह किया कि वे न्यायपालिका की नई चुनौतियों — जैसे कि पर्यावरण न्याय, सतत विकास और एआई के नैतिक उपयोग से निपटने के लिए मिलकर रणनीति तैयार करें। उन्होंने कहा कि यह समय सिर्फ पारंपरिक कानूनी मामलों पर निर्णय देने का नहीं है, बल्कि न्यायालयों को वैश्विक नीति-निर्माण में सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। उनके अनुसार, न्यायाधीशों को "न्याय की नयी सीमाओं" पर विचार करना चाहिए और ये सुनिश्चित करना चाहिए कि कानून केवल आज की मांगों को पूरा करे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी न्याय और स्थिरता की गारंटी बने।

**भविष्य की दिशा** : लोकसभा अध्यक्ष ने सम्मेलन का उपयोग एक मंच के रूप में देखा जहां न्यायाधीश न सिर्फ अपने-अपने राष्ट्रों के भीतर न्याय व्यवस्था की सीमाओं पर चर्चा कर सकते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक साझा दृष्टिकोण तैयार कर सकते हैं। उनका यह कहना था कि यदि न्यायाधीश अपने-अपने क्षेत्रों में परिवर्तन लाएंगे और वैश्विक चुनौतियों के प्रति सहयोग करेंगे, तो एक "न्याय-प्रधान विश्व व्यवस्था" का निर्माण संभव है।

समापन में, बिरला ने सभी मुख्य न्यायाधीशों को यह संदेश दिया कि उनके सामूहिक प्रयास न केवल कानून और लोकतंत्र को मजबूत करेंगे, बल्कि विश्व के शांति-तंत्र को भी अधिक स्थिर, समावेशी और संवेदनशील बना सकते हैं। उन्होंने यह विश्वास व्यक्त किया कि अगर न्यायालय मिलकर कार्य करेंगे, तो हम न सिर्फ वर्तमान संकटों से निपट सकते हैं, बल्कि भविष्य के लिए एक अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था की नींव भी रख सकते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने सामाजिक मंच पर पोस्ट साझा करते हुए रानी लक्ष्मीबाई के असाधारण साहस और बलिदान को याद किया। ओम बिरला ने लिखा, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अल्पायु में ही अप्रतिम साहस, शौर्य और स्वाभिमान के बल पर रानी लक्ष्मीबाई ने औपनिवेशिक शासन को कड़ी चुनौती दी, तथा मातृभूमि के लिए जीवन न्योछावर कर सदा के लिए अमर हो गई।

## मैं बोलूंगा तो...

# चमक की चपेट में आया विभागीय नागमणि!



समर न्यूज | मोहाली

कहानी शुरू होती है कंपनियों के धैर्य से—
शुक्र मनाइए कि "मेहन्त्रा मोटर्स" और "रॉयल एनफ़ोल्डिंग" जैसी काल्पनिक कंपनियों की लीगल टीमें
अब तक किसी चटखारेबाज़ अधिकारी पर केस ठोकने नहीं आईं।
वरना उसके घर की छत, जमीन, अलमारी—
सब "ब्रांड इमेज रिपेयर फंड" में चली जाती।
और ये अधिकारी साहब?
पूरा स्वैग ऑन!
बीस दिन से कैमरे के सामने ऐसे खड़े हैं
जैसे किसी रियलिटी शो में "सबसे ज्यादा बकवास बोलो और जीत लो ट्रॉफी" का फाइनल हो।
लगता है "छपास रोग" का तेज़ दौरा पड़ा है—
जो दिखा, वही बोल दिया,
जो नहीं दिखा, वो भी बोल दिया।
सवाल ये नहीं कि बोले क्या
सवाल ये है कि रुकते क्यों नहीं?
उधर विभाग भी माथा पीट रहा—
"कौन सा 'कार्यवाहक' चुन लाए भाई?
ये तो ऑन-ऑफ स्विच भूलकर ही आया है।"
लगता है टॉप फ़्लोर में कहीं 'केमिकल लोचा' + 'कैमरा लत' का संयुक्त जश्न चल रहा है।
हद तो तब हो गई जब
सेक्रेटेरियट के बड़े साहब बोले—
"भाई, इसे जहाँ से पकड़कर लाए थे, वहीं छोड़ आओ
इधर तो माइक देखते ही स्पीकर तेज़ कर देता है।"
और भाषण?
अरे साहब, ऐसा लंतरानी का प्रवाह
न इतिहास में देखा, न भूगोल में।
लगता है इंसान नहीं,
टेप रिकॉर्डर का नया AI मॉडल लॉन्च हुआ है—
नॉन-स्टॉप, अनलिमिटेड, बिना पानी ब्रेक के।
इस अधिकारी के बारे में विभाग ने फाइल में सिर्फ़ एक लाइन लिखी—
"ना पूर्व में ऐसा देखा गया ना भविष्य में देखने की इच्छा है।"

#MainBolungaTo
#SummerExpress
#SummerNews
#DesiTippani
#SatireShots
#BakwaasBulletin
#FakeSeriousNews

## Good DAY

समर न्यूज | लुधियाना



जब तक जीवन है, तब तक किसी न किसी के काम आते रहना ही इंसानियत का सबसे बड़ा प्रमाण है। इंसान होना केवल शरीर से नहीं बल्कि अपने कर्म, अपनी सोच और अपने व्यवहार से साबित होता है। जो व्यक्ति दूसरों को मुस्कुराने की वजह बनता है, जो दूसरों के दुख को अपना समझकर मदद का हाथ बढ़ाता है, वही सच्चे अर्थों में जीवित कहलाता है।भगवान ने हमें यह जीवन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए कुछ करने का भी अवसर दिया है। यह जीवन तभी सार्थक बनता है जब हमारे अस्तित्व से किसी और का भला हो सके। जब कोई व्यक्ति मुसीबत में होता है और हमारी ओर यह उम्मीद लेकर देखता है कि हम उसकी मदद करेंगे, तो यह हमारे लिए गर्व की बात है कि ईश्वर ने हमें ऐसा अवसर प्रदान किया। उस समय हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि यह व्यक्ति हमें क्यों पुकार रहा है, बल्कि यह सोचना चाहिए कि हमें यह सौभाग्य मिला है कि कोई हम पर भरोसा करता है।हर इंसान के जीवन में एक समय आता है जब वह किसी कठिन परिस्थिति से घिर जाता है। ऐसे समय में वह एक उम्मीद की किरण खोजता है एक ऐसा इंसान जो उसकी परेशानियों को समझ सके और उसका मार्गदर्शन कर सके। यदि वह उम्मीद की किरण आप बन पाते हैं, तो समझिए कि आपने इंसानियत की असली सेवा कर दी। यह वही क्षण होता है जब आपकी आत्मा को एक अजीब सी शांति और सुकून महसूस होता है।

**डॉ. चरण कमल**
**फॉरेंसिक एक्सपर्ट**

# बढ़ेगा कैंसर का बोझः आईसीएमआर की रिपोर्ट ने दिखाई भयावह तस्वीर

**2025 में 15.7 लाख नए कैंसर केस का अनुमान, स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा, महिलाओं में स्तन कैंसर, पुरुषों में फेफड़ों का कैंसर सबसे तेजी से बढ़ रहा**

समर न्यूज | चंडीगढ़

भारत वर्ष 2025 के अंतिम महीनों में स्वास्थ्य क्षेत्र एक ऐसी चुनौती से जूझ रहा है, जो आने वाले वर्षों में देश के लिए और गंभीर रूप ले सकती है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट ने यह साफ इशारा किया है कि कैंसर अब केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकट का रूप लेने लगा है। एनसीआरपी के अनुमान के अनुसार वर्ष 2025 के अंत तक भारत में कैंसर के 15.7 लाख से अधिक नए मामले सामने आने की आशंका है। यह संख्या 2020 की तुलना में लगभग 12.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाती है, जो बताती है कि पांच वर्षों में बीमारी कितनी तेज़ी से फैल रही है। ये अनुमान देश में चल रहे 28 पॉपुलेशन-बेस्ड कैंसर रजिस्ट्री से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित हैं। इन रजिस्ट्री से 2012 से 2016 के बीच दर्ज आयु-विशिष्ट कैंसर दरों को भारत की वर्तमान जनसंख्या पर लागू करके 2025 के लिए अनुमान तैयार किया गया है। एनसीआरपी का यह आकलन दिसंबर 2025 में देश की स्वास्थ्य स्थिति का वास्तविक चित्र प्रस्तुत कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में अनुमानित 15,69,793 नए कैंसर मरीज सामने आएंगे। इनमें पुरुषों के 7,63,575 और महिलाओं के 8,06,218 मामले शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं में कैंसर का बोझ पुरुषों की तुलना में अधिक गति से बढ़ रहा है। इस साल के अंत तक स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे बड़ा स्वास्थ्य खतरा बना रहा, जिसके 2,32,832 नए मामलों का अनुमान लगाया गया। वहीं पुरुषों में फेफड़ों का कैंसर लगातार बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसके 81,219 नए मामलों की संभावना जताई गई है।

तंबाकू सेवन के कारण बढ़ते मुख एवं गले के कैंसर, पाचन तंत्र के कैंसर और जननांग तंत्र के कैंसर देश के कुल कैंसर बोझ में सबसे अधिक योगदान करने वाले रोग बने हुए हैं। पेट, लीवर, भोजन नली और आंतों से संबंधित कैंसर 2025 में भी तेजी से बढ़ते रहे। एनसीआरपी के अनुसार भारत में कैंसर का कुल बोझ मुख्य रूप से पाचन तंत्र, स्तन, जननांग तंत्र, मुख व गला, तथा श्वसन तंत्र के कैंसरों द्वारा नियंत्रित रहा।

बच्चों में कैंसर के मामलों को लेकर भी विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। 0 से 14 वर्ष आयु वर्ग में लिंफॉयड ल्यूकेमिया सबसे अधिक पाया जा रहा है और 2025 में भी यह बाल्यावस्था कैंसर मामलों में प्रमुख बना रहा। अनुमान के अनुसार लड़कों में बाल्यावस्था कैंसर का लगभग 30 प्रतिशत और लड़कियों में 24 प्रतिशत हिस्सा इसी बीमारी से जुड़ा है।

### ▪ विशेषज्ञों के अनुसार कैंसर बढ़ने की वजहें बहुस्तरीय हैं



तंबाकू और शराब का बढ़ता सेवन, बिगड़ता पर्यावरण, प्रदूषण, अस्वस्थ खानपान, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, देर से निदान और जागरूकता की कमी प्रमुख कारणों में शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में कैंसर को अभी भी 'नोटिफाएबल रोग' की श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है, जिसके कारण डेटा संग्रह की प्रक्रिया धीमी, जटिल और संसाधन-निर्भर रहती है। दिसंबर 2025 के इस विश्लेषण से स्पष्ट है कि आगामी वर्षों में कैंसर का बोझ और बढ़ेगा। देश के स्वास्थ्य क्षेत्र पर इसका सीधा असर पड़ेगा। अधिक स्क्रीनिंग केंद्रों, बेहतर उपचार सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की जरूरत पहले से कहीं अधिक महसूस होगी। नीति निर्माताओं के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है कि कैंसर नियंत्रण कार्यक्रमों को नई दिशा और तेजी देने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अभी कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक कैंसर का बोझ और अधिक खतरनाक स्तर तक पहुंच सकता है। तंबाकू नियंत्रण कानूनों को कड़ाई से लागू करना, स्तन, गर्भाशय व मुख कैंसर की नियमित स्क्रीनिंग, प्रदूषण नियंत्रण, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा और ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर उपचार सुविधाओं का विस्तार इस संकट से निपटने के लिए सबसे प्रभावी उपाय माने जा रहे हैं।

वर्ष 2025 के अंत में सामने आया यह अनुमान बताता है कि भारत एक बड़े कैंसर संकट की ओर बढ़ रहा है। 15.7 लाख से अधिक अनुमानित मामलों के साथ, यह बीमारी न केवल स्वास्थ्य प्रणाली पर भार डाल रही है बल्कि राष्ट्र की उत्पादक क्षमता और सामाजिक ढांचे पर भी प्रतिकूल प्रभाव छोड़ रही है। जागरूकता, रोकथाम और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को प्राथमिकता देकर ही देश इस चुनौती का सामना कर सकता है।

# ईरान ने भारतीयों के लिए वीजा मुक्त प्रवेश बंद किया




एजेंसी | तेहरान

तेहरान ने भारतीय यात्रियों के लिए एक बड़ा फैसला करते हुए एकतरफ़ा वीज़ा-मुक्त प्रवेश की सुविधा समाप्त कर दी है। अब किसी भी भारतीय नागरिक को ईरान में प्रवेश करने से पहले मान्य वीज़ा प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इतना ही नहीं, यदि कोई भारतीय यात्री ईरान के हवाई अड्डों को केवल ट्रांजिट पॉइंट के रूप में उपयोग करता है, तो उसे भी ट्रांजिट वीज़ा दिखाना होगा। ईरान सरकार का यह नया नियम 22 नवंबर से प्रभावी होगा। अधिकारियों के अनुसार, पिछले महीनों में कई ऐसे मामले सामने आए थे, जिनमें भारतीय नागरिकों को नौकरी, विदेश भेजने या किसी तीसरे देश में प्रवेश दिलाने के बहाने ईरान ले जाया गया। वीज़ा-मुक्त प्रवेश की सुविधा का दुरुपयोग करते हुए एजेंट इन लोगों को तेजरान या अन्य शहरों में उतार देते थे और वहां पहुंचने पर कई पीड़ितों का अपहरण कर फिरौती वसूली जाती थी। बढ़ते मानव तस्करी और धोखाधड़ी के इन मामलों को रोकने के लिए ईरान ने यह सख्त कदम उठाया है। ईरान ने स्पष्ट किया कि 22 नवंबर से भारतीय पासपोर्ट धारकों को देश में प्रवेश करने या ईरान के रास्ते किसी तीसरे देश की यात्रा करने के लिए वीज़ा अनिवार्य होगा। इस निर्णय के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने भी सलाह जारी करते हुए भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और उन एजेंटों के झांसे में न आने की चेतावनी दी है, जो ईरान के माध्यम से वीज़ा-मुक्त यात्रा या नौकरी का आश्वासन देते हैं। मंत्रालय ने यात्रियों को अपने सभी यात्रा दस्तावेज पहले से तैयार रखने की भी सलाह दी है। गौरतलब है कि अब तक भारतीय नागरिक 15 दिनों तक बिना वीज़ा के ईरान में रह सकते थे। यह सुविधा केवल पर्यटन के उद्देश्य से और केवल हवाई मार्ग से आने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध थी। लेकिन मानव तस्करी और अपराध के बढ़ते मामलों ने ईरानी सरकार को इस नीति में बदलाव करने पर मजबूर कर दिया है। ईरान का यह नया फैसला भारतीय यात्रियों के लिए यात्रा प्रक्रिया को अधिक सख्त और नियंत्रित बना देगा, हालांकि सुरक्षा कारणों से इसे आवश्यक कदम माना जा रहा है।

# सरकार की नई एआई गाइडलाइन्स.... नवाचार को बढ़ावा, जोखिमों पर सख्त निगरानी का खाका तैयार

**▪ गाइडलाइन्स में डीपफेक्स पर रोक और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा पर विशेष फोकस**

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सरकार ने आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से विस्तार और उससे जुड़े संभावित जोखिमों को देखते हुए नई एआई गवर्नेंस गाइडलाइन्स जारी की हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी ये दिशा-निर्देश भविष्य में भारत में एआई तकनीकों के उपयोग, नियंत्रण और विनियमन की दिशा तय करने में आधारभूत भूमिका निभा सकते हैं। इन गाइडलाइन्स की मूल भावना 'किसी को नुकसान न पहुंचे' पर आधारित है, और सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि एआई को बढ़ावा तो मिलेगा, लेकिन जोखिमों पर मजबूत नियंत्रण भी लागू होगा।

सरकार का रुख यह है कि एआई पर अत्यधिक नियमन नवाचार की गति को धीमा कर सकता है। इसलिए गाइडलाइन्स इस तरह तैयार की गई हैं कि उद्योग और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिले, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों—स्वास्थ्य, न्याय, वित्त, सुरक्षा—में एआई का उपयोग कड़े मानकों के साथ हो। गाइडलाइन्स में डीपफेक्स पर रोक, गलत जानकारी के प्रसार को रोकने, दुर्भावना रहित मॉडल सुनिश्चित करने और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा पर विशेष फोकस दिया गया है।

### ▪ 6 स्तंभ पर रूपरेखा आधारित है




*▪ **इन्फ्रास्ट्रक्चर**:- भारत में विश्व स्तर के एआई मॉडल विकसित करने के लिए कंप्यूटेशनल क्षमता, डेटा भंडारण और सुरक्षित क्लाउड ढांचे को मजबूत करने की जरूरत बताई गई है।*

*▪ **नियम और नियमन**:- एआई सिस्टम्स के वर्गीकरण और उनके उपयोग के लिए स्पष्ट नियम तय करने की सिफारिश।*

*▪ **जवाबदेही**:- एआई के फैसलों से अगर नुकसान हो, तो जिम्मेदारी तय करने के लिए संस्थागत ढांचा बनाने का प्रस्ताव।*

*▪ **जोखिम शमन**:- एआई से जुड़े हादसों, गलत उपयोग और सुरक्षा जोखिमों को रोकने के उपाय।*

*▪ **क्षमता निर्माण**:- सरकारी अधिकारियों, उद्योगों और छात्रों को एआई साक्षरता और प्रशिक्षण देना।*

*▪ **संस्थागत ढांचा**:- देश में एआई से संबंधित मानकों को तय करने, जांच करने और निगरानी के लिए एक सुदृढ़ तंत्र की स्थापना।*

### ▪ गाइडलाइन्स में क्या नया है

*रिपोर्ट का एक महत्वपूर्ण सुझाव है कि भारत में एआई घटनाओं का एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाया जाए। इसमें उन सभी मामलों को दर्ज किया जाएगा जहां एआई के कारण गलत निर्णय, तकनीकी गड़बड़ी, सुरक्षा जोखिम या डेटा उल्लंघन जैसी समस्याएं सामने आएँ। साथ ही, एआई मॉडल्स के विकास के लिए उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय डेटासेट बनाने की अनुशंसा की गई है। इससे ऐसे तकनीकी समाधान विकसित होंगे जो भारतीय भाषाओं, विविधताओं और स्थानीय जरूरतों को बेहतर समझ सकें।*

### ▪ कार्रवाई की 5-स्तरीय योजनाः क्या होंगे अगले कदम

भारत को एआई-सशक्त बनाना। मंत्रालयों और राज्य सरकारों को एआई आधारित समाधान अपनाने और जोखिम प्रबंधन टूल्स विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ एआई का एकीकरण। आधार, UPI, डिजिलॉकर जैसी सार्वजनिक प्रणालियों में एआई आधारित फीचर्स जोड़ने से नागरिक सेवाएँ तेज और अधिक स्मार्ट होंगी। सुरक्षा और जवाबदेही के मानक। एआई सिस्टम्स की सुरक्षा जांच, जोखिम मूल्यांकन और जिम्मेदार तैनाती सुनिश्चित करने के लिए एक मानक प्रणाली बनाई जाएगी। डेटा उपलब्धता बढ़ाना। उच्च गुणवत्ता वाले डेटा सेट तैयार किए जाएंगे, ताकि देश में विकसित मॉडल अधिक सटीक और भारतीय संदर्भ में प्रभावी हों। स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन। स्वदेशी एआई समाधान विकसित करने वाले स्टार्टअप्स को अनुदान, तकनीकी सहायता और प्रोत्साहन दिया जाएगा।

एआई उपयोग पर सरकारी अधिकारियों के लिए चेतावनी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सरकारी विभागों द्वारा एआई अपनाने में विशेष सावधानी की जरूरत है। गलत निर्णय, बायस, डेटा गोपनीयता उल्लंघन जैसी समस्याएँ प्रशासनिक स्तर पर गंभीर परिणाम ला सकती हैं। इसलिए सरकारी तंत्र में एआई का उपयोग पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करने की सलाह दी गई है। गाइडलाइन्स संकेत देती हैं कि आने वाले समय में भारत एआई पर एक कानूनी ढांचा तैयार करेगा। इसके लिए IT नियम और डेटा प्रोटेक्शन एक्ट में संशोधन की संभावना जताई गई है। नई एआई गाइडलाइन्स भारत को एक जिम्मेदार, सुरक्षित और नवाचार-प्रेरित एआई भविष्य की ओर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सरकार स्पष्ट कर रही है कि एआई को बढ़ावा दिया जाएगा, लेकिन इसके साथ जुड़े जोखिमों—डेटा चोरी, भेदभाव, गलत निर्णय—को हल्के में नहीं लिया जाएगा।

# कनाडा में स्थायी निवासी बनने का हजारों आवेदकों का सपना टूटा

**▪ ओंटारियो ने स्किल्ड ट्रेड्स स्ट्रीम स्थगित की**

एजेंसी | ओंटारियो

कनाडा में स्थायी निवासी (PR) बनने की इच्छा रखने वाले हज़ारों भारतीय और अंतरराष्ट्रीय आवेदकों को बड़ा झटका लगा है। ओंटारियो प्रांत ने अपने प्रांतीय नामांकित कार्यक्रम (PNP) के तहत चल रही स्किल्ड ट्रेड्स स्ट्रीम को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। इस फैसले के चलते इस श्रेणी में जमा सभी आवेदन वापस कर दिए गए हैं, जिससे आवेदकों के सामने भविष्य को लेकर गंभीर अनिश्चितता पैदा हो गई है।

कनाडा के हर प्रांत का अपना अलग आव्रजन कार्यक्रम होता है, जिसके तहत योग्य उम्मीदवारों को प्रांतीय स्तर पर स्थायी निवास के लिए नामांकित किया जाता है। ओंटारियो के इस कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए आवेदक के पास किसी मान्यता प्राप्त ट्रेड—जैसे प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई, वेल्डर आदि—में कम से कम एक वर्ष का हालिया अनुभव होना आवश्यक था। यह अनुभव आवेदन तारीख से पिछले दो वर्षों के भीतर का होना चाहिए था।

हालांकि, प्रांत ने इस स्ट्रीम की समीक्षा के बाद पाया कि बड़ी संख्या में आवेदनों में अनियमितता और धोखाधड़ी की आशंका है। इसके बाद ओंटारियो इमीग्रेशन विभाग ने स्ट्रीम को तुरंत प्रभाव से रोकने का निर्णय लिया। अधिकारियों के अनुसार, सभी प्रभावित आवेदकों का आवेदन शुल्क वापस किया जाएगा।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

**पांच वर्षों में उड़ान संभव, ईंधन आधा खर्च होगा और शोर प्रदूषण भी घट जाएगा**

# अब तैयार हो रहा ब्लेंडेड विंग डिजाइन वाला नया पैसेंजर विमान

एजेंसी | नई दिल्ली

आने वाले पांच वर्षों में दुनिया एक ऐसी एयरक्राफ्ट तकनीक देखने जा रही है, जो व्यावसायिक विमानन के पूरे स्वरूप को बदल सकती है। 'ब्लेंडेड विंग' डिजाइन पर आधारित यह नया यात्री विमान अपने अनोखे ढांचे की वजह से न केवल ईंधन की खपत को लगभग आधा कर देगा, बल्कि शोर प्रदूषण को भी बड़े पैमाने पर कम करेगा। विमान में पंख और मुख्य ढांचा एक ही चौड़ी, सपाट संरचना में विलयित होंगे, जिससे यह पारंपरिक विमानों से बिल्कुल अलग दिखाई देगा।

इस अभिनव तकनीक की नींव 1920 के दशक में रूसी पायलट निकोलस वोएवोडस्की ने रखी थी। अब तक इसका उपयोग मुख्य रूप से सैन्य विमानों में ही होता आया है, लेकिन पहली बार इसे आम यात्री विमानों में अपनाया जा रहा है। नए मॉडल में पंख और शरीर एक ही एयरोडायनामिक रूप में जुड़े हुए हैं, जिससे विमान का वजन कम होता है और हवा का प्रतिरोध काफी हद तक घट जाता है। इससे उड़ान अधिक कुशल, तेज और किफायती बनती है।



इस क्रांतिकारी विमान का निर्माण अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी जेट ज़ीरो कर रही है। कंपनी का दावा है कि उनका नया विमान 250 यात्रियों को एक बार में लेकर 9,250 किलोमीटर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा। इसका अर्थ है कि दिल्ली-लंदन या मुंबई-सिंगापुर जैसे लंबी दूरी के मार्ग आसानी से कवर किए जा सकेंगे। यह विमान पारंपरिक जेट ईंधन के अलावा सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल पर भी चल सकेगा, और भविष्य में इसे हाइड्रोजन ईंधन से भी लैस किया जा सकेगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन शून्य के करीब पहुंच सकता है।

पर्यावरण के दृष्टिकोण से यह तकनीक किसी वरदान से कम नहीं है। मौजूदा विमानों की तुलना में ईंधन की खपत 50% तक कम होगी और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन भी उतना ही घटेगा। नए एयरोडायनामिक ढांचे और छोटे इंजनों के कारण टेक ऑफ और लैंडिंग के दौरान उत्पन्न होने वाला शोर भी काफी कम होगा, जिससे एयरपोर्ट के आसपास रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी। ईंधन खर्च में कमी आने से भविष्य में हवाई टिकटों की कीमतें भी घटने की संभावना है। कुल मिलाकर, ब्लेंडेड विंग डिजाइन वाला यह विमान भविष्य की हवाई यात्रा को अधिक सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण-हितैषी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

# दिल्ली विस्फोट केसः आतंकी उमर नबी को कमरे में छिपाने वाली अफसाना गिरफ्तार

## एनआईए ने किया गिरफ्तार, ब्लास्ट के बाद से फरार थी अफसाना

**समर न्यूज | नूंह**

दिल्ली विस्फोट मामले में आरोपी आतंकी डॉ. उमर नबी को दस दिन तक किराए के कमरे में छिपाने वाली अफसाना को एनआईए और एसटीएफ ने हिरासत में ले लिया है। अफसाना ने अपने रिश्तेदार शोएब की सिफारिश पर नूंह हिदायत कॉलोनी में उमर नबी को अस्थायी रूप से रुकने के लिए कमरा उपलब्ध कराया था। दिल्ली ब्लास्ट के बाद अफसाना फरार हो गई थी और उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। अफसाना गोलपुरी गांव की रहने वाली है। उसका पति ट्रक चालक है और उनकी 12 वर्षीय बेटी है।
अफसाना अपने पिता के नूंह स्थित मकान की देखरेख करती थी।


दिल्ली ब्लास्ट का फाइल फोटो। -समर न्यूज

शोएब, जो अल-फलाह यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत है, ने अफसाना से इस मामले में संपर्क कराया था।
सूत्रों के अनुसार, उमर नबी ने इस कमरे में कई बार आकर लगभग दस दिन तक रहा। दिल्ली ब्लास्ट के बाद केंद्रीय जांच एजेंसियों ने शोएब को गिरफ्तार किया, जिससे अफसाना अपनी बेटी के साथ घर छोड़कर फरार हो गई।
बीती रात उसे पकड़कर दिल्ली ले जाया गया। अफसाना के गिरफ्तारी के बाद उसके गोलपुरी स्थित परिवार में सन्नाटा पसरा है। तीन दिन पहले उसके छोटे भाई रिजवान को भी हिरासत में लिया गया था। परिवार के लोग शांत स्वभाव के बताए जा रहे हैं। अफसाना की भूमिका इस मामले में अहम मानी जा रही है क्योंकि उसके कमरे में आतंकी ने कई दिन बिताए और उससे जुड़े अन्य संभावित आरोपित भी जांच एजेंसियों की निगरानी में हैं। जांच एजेंसियां अफसाना से पूछताछ कर आतंकी के ठहराव, संपर्क और अन्य सहयोगियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां जुटा रही हैं। इस मामले में कई अन्य नामजद आरोपी भी जांच के दायरे में हैं और आगे की कार्रवाई जारी है।

# गन्नौर की कपड़ा फैक्ट्री में भयंकर आग

**समर न्यूज | गन्नौर**

गन्नौर के बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में स्थित फैक्ट्री नंबर 203 में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में कपड़ा बनाने का काम होता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धुएं और तेज लपटें देखते ही कर्मचारी तुरंत बाहर निकल गए और फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। आग की चपेट में कुछ ही मिनटों में मशीनरी और माल आ गया। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। पानी का लगातार छिड़काव और फैक्ट्री के अंदर तक पहुंचकर बुझाने के प्रयासों से आग पूरी तरह नियंत्रित की जा सकी। फैक्ट्री मालिक उत्कर्ष जैन को प्रारंभिक अनुमान के अनुसार काफी आर्थिक नुकसान हुआ है, लेकिन अभी नुकसान का सटीक आकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# सीसीटीवी और बारकोड से अनाज खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी सरकार

**समर न्यूज | चंडीगढ़**


मंडी में रखे अनाज की फोटो। -समर न्यूज

धान खरीद प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों के बीच हरियाणा सरकार अब पूरी व्यवस्था को पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने राज्य की सभी मंडियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि खरीद-फरोख्त की हर गतिविधि रिकॉर्ड हो सके और किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकी जा सके। राज्य सरकार अनाज की बोरियों पर बारकोड प्रणाली लागू करने जा रही है, जिससे हर बोरी की ट्रैकिंग संभव होगी। इस तकनीक के बाद किसी भी खरीद, भंडारण या परिवहन में गड़बड़ी की संभावना लगभग खत्म हो जाएगी। इसी के साथ अनाज खरीद के लिए पीओएस मशीनों की खरीद का टेंडर भी जल्द जारी किया जाएगा, जिससे किसानों से खरीद की रियल-टाइम एंट्री और डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित होगा।
मंगलवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीद से जुड़े किसी भी प्रकार की शिकायत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजेश नागर ने कहा कि सरकार मंडियों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक अपना रही है। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निरंतर आते रहने के कारण विभाग अब प्रक्रिया को और मजबूत करने पर फोकस कर रहा है, ताकि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और खरीद व्यवस्था पर जनता का भरोसा कायम रहे। सरकार का मानना है कि नई तकनीकी व्यवस्था लागू होने के बाद राज्य की मंडियों में खरीद प्रक्रिया और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त बनेगी।

# हाईकोर्ट वकील से 82 हजार की साइबर ठगी

**समर न्यूज | पंचकूला**

हरियाणा हाईकोर्ट के एक वकील साइबर ठगी का शिकार हो गए, जिसमें ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेकर करीब 82,893 रुपये हड़प लिए। पीड़ित वकील ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। डॉल्फिन अपार्टमेंट के निवासी और हाईकोर्ट के वकील विकास ने बताया कि उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को फेडरल बैंक का कर्मचारी बताया। कॉल के दौरान आरोपी ने कहा कि उनकी स्केपिया क्रेडिट कार्ड एप्लीकेशन को कार्ड-टू-कार्ड बेसिस पर मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद ठग ने विकास से उनके अमेरिकन एक्सप्रेस क्रेडिट कार्ड की स्टेटमेंट एक ईमेल पर भेजने के लिए कहा। विकास ने जैसे ही ईमेल पर क्लिक किया, उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। कुछ ही देर बाद उनके क्रेडिट कार्ड से 82,893.77 रुपये कटने का मैसेज आया। विकास ने बताया कि उन्हें बाद में समझ आया कि यह पूरी घटना एक साइबर फ्रॉड थी, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने बैंक कर्मचारी बनकर उनसे यह रकम ठग ली। पंचकूला साइबर क्राइम थाना के जांच अधिकारी एसआई भूप सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नारनौल से खाटू श्याम के लिए नई बस सरकारी सर्विस की शुरुआत

## नारनौल से सुबह दस बजे रवाना होगी बस, किराया 130 रुपये

**समर न्यूज | नारनौल**



खाटू श्याम जी का मंदिर। यहां पहुंचने के लिए बस सेवा शुरू की गई है।

हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल डिपो ने खाटू श्याम के लिए नई बस सेवा की शुरुआत कर दी है। इस नई सुविधा से नारनौल और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को अब मंदिर तक पहुंचने के लिए बेहतर और सीधी बस कनेक्टिविटी मिलेगी। नई बस सेवा नारनौल से सुबह दस बजे रवाना होगी और नांगल चौधरी बस स्टैंड से सुबह दस बजकर तीस मिनट पर प्रस्थान करेगी।
इस बस का किराया एक सौ तीस रुपये तय किया गया है। बस लगभग दोपहर एक बजकर तीस मिनट तक खाटू श्याम धाम पहुंच जाएगी। वापसी यात्रा खाटू श्याम से दोपहर तीन बजकर तीस मिनट पर शुरू होगी।
बस नांगल चौधरी पहुंचकर वहां से नारनौल के लिए आगे बढ़ेगी और शाम करीब छह बजकर तीस मिनट तक नारनौल पहुंच जाएगी। नई बस सेवा के साथ ही नांगल चौधरी तहसील का नवनिर्मित बस स्टैंड भी शुरू कर दिया गया है।
यहां से अब नारनौल, महेंद्रगढ़, दादरी, भिवानी, हांसी, हिसार, संगरूर, रोहतक, गुरुग्राम, दिल्ली, खाटू श्याम, कोटपूतली, जयपुर, अजमेर, कोटा, पुष्कर और अन्य लोकल रूटों पर भी नियमित बसें उपलब्ध रहेंगी। अब सभी बसें बस स्टैंड के अंदर से होकर गुजरेंगी, जिससे यात्रियों को व्यवस्थित और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिलेगी। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस नई बस सेवा से यात्रा में आसानी होगी और खाटू श्याम धाम जाने वाले भक्तों को काफी राहत मिलेगी। प्रशासन का दावा है कि आने वाले समय में इस रूट पर और भी सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

# अल फला विवि पर ईडी का शिकंजा, 415 करोड़ की हेराफेरी

## चेयरमैन जावेद 13 दिन की ईडी रिमांड पर, राशि संदिग्ध स्रोतों से जुटाई और मनी लॉन्ड्रिंग से विभिन्न खातों में भेजी

**समर न्यूज | फरीदाबाद**



अल फलाह यूनिवर्सिटी। -समर न्यूज

फरीदाबाद, अल फला यूनिवर्सिटी पर मनी लॉन्ड्रिंग, फर्जी मान्यता और सैकड़ों करोड़ रुपये की वित्तीय हेराफेरी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। उन्हें अदालत ने तेरह दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। जांच एजेंसी के अनुसार, यूनिवर्सिटी प्रशासन अभिभावकों को फर्जी मान्यता दिखाकर करोड़ों रुपये वसूलता रहा और इन पैसों को अवैध तरीके से ट्रांसफर किया गया। ईडी की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अल फला यूनिवर्सिटी और उसे नियंत्रित करने वाला ट्रस्ट वर्ष 2014 से 2025 के बीच लगभग 415.10 करोड़ रुपये के वित्तीय लेनदेन को गलत तरीके से स्वैच्छिक चंदा और शैक्षिक प्राप्तियों के रूप में दिखाता रहा। ईडी का कहना है कि यह राशि संदिग्ध स्रोतों से जुटाई गई है और इसे मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए विभिन्न खातों में ट्रांसफर किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में कहा कि यूनिवर्सिटी की फीस संरचना, डोनेशन, फंड फ्लो, बेनामी संपत्तियों और अवैध फंडिंग से जुड़े दस्तावेजों की जांच के लिए सिद्दीकी को कस्टडी में रखना अत्यंत आवश्यक है। ईडी ने यह भी बताया कि सिद्दीकी का यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट पर सीधा प्रभाव है। यदि उन्हें रिमांड पर नहीं भेजा जाता तो वह सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं और मामले की दिशा प्रभावित हो सकती है।
**टेरर लिंक का भी हुआ खुलासा :** यह मामला केवल आर्थिक हेराफेरी तक सीमित नहीं है। जांच के दौरान अल फला यूनिवर्सिटी का संबंध एक बड़े आतंकी मॉड्यूल से भी सामने आया। जम्मू कश्मीर पुलिस ने दस नवंबर को यूनिवर्सिटी से जुड़े कई संदिग्धों के पास से विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। इसके बाद दिल्ली के लाल किले के सामने हुए धमाके की जांच में भी यूनिवर्सिटी से जुड़े लोगों की भूमिका के संकेत मिले। पूरे मामले को देखते हुए गृह मंत्रालय ने जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी है।
**ईडी की कार्रवाई जारी :** ईडी ने चौदह नवंबर को अल फला ग्रुप के खिलाफ औपचारिक मामला दर्ज किया था। तभी से एजेंसी बैंक खातों, लेनदेन, संपत्ति और डिजिटल डेटा की जांच कर रही है। जांच अधिकारियों का दावा है कि मामले से जुड़े और भी बड़े खुलासे आने बाकी हैं और जल्द ही कई और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं।

# किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी, अब तक 7,000 करोड़ किसानों तक पहुंचे

**समर न्यूज | सोनीपत**

हरियाणा के किसानों के लिए खुशखबरी है। बुधवार को जिला परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय और राज्य सरकार की पहल से किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की गई। इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के तहत अब तक हरियाणा के किसानों को 7,000 करोड़ रुपये का लाभ पहुंच चुका है। मंत्री पंवार ने बताया कि इस बार जारी की गई 21वीं किस्त में देशभर के किसानों को कुल 9,000 करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

# 170 एकड़ में तैयार समागम स्थल, 25 को आएंगे मोदी

**समर न्यूज | कुरुक्षेत्र**

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को गीता उपदेश स्थली ज्योतिसर में राज्य स्तरीय भव्य समागम आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में हरियाणा सहित पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ और आसपास के राज्यों से भारी संख्या में संगत के पहुंचने की संभावना है।
समारोह की तैयारियां बड़े स्तर पर चल रही हैं। ज्योतिसर तीर्थ से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर करीब 170 एकड़ भूमि पर आयोजन स्थल बनाया जा रहा है। 14 हेक्टेयर क्षेत्र में विशाल मुख्य पंडाल तैयार हो रहा है, जहां प्रधानमंत्री मोदी संगत को संबोधित करेंगे। इसी पंडाल में


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे अतिथि।

पटियाला के 350 स्कूली छात्र गुरमुखी में कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त 30×60 मीटर क्षेत्र में गुरु तेग बहादुर जी और उनके परिवार के जीवन पर आधारित एक भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें उनके बचपन, समाज सुधार कार्यों, धर्मनगरी में आगमन और शहीदी तक की पूरी कथा विस्तार से दिखाई जाएगी।
**लंगर हॉल, हेलीपैड और वीवीआईपी लॉज भी तैयार**
समागम स्थल पर बड़े स्तर की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्य पंडाल के दोनों ओर विशाल लंगर हॉल, एक में 15,000 लोगों के बैठने की क्षमता, प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर के लिए विशेष हेलीपैड, वीवीआईपी लॉज, पार्किंग, पेयजल, टॉयलेट और आपात सुविधाओं की पूरी व्यवस्था। आयोजन के लिए चुनी गई 170 एकड़ भूमि ज्योतिसर और इंदबड़ी गांवों के किसानों से ली गई है, जिन्हें किराये के रूप में भुगतान किया गया है। पिछले तीन दिनों से सैकड़ों कारीगर पंडाल तैयार करने में जुटे हुए हैं।
**प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम**
एसपी नीतिश अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तर पर की जाएगी। आसपास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुलाई जाएगी, ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी, आयोजन स्थल का लगातार निरीक्षण, कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया गया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल राज्य स्तरीय आयोजन होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भी हिस्सा होगा। प्रधानमंत्री मोदी महोत्सव में शामिल होकर इसे वैश्विक मंच पर नई पहचान देंगे और हरियाणा को कई नई परियोजनाओं की सौगात भी प्रस्तुत करेंगे। चार शहीदी यात्राएं 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र पहुंचेंगी। गुरु साहिब जी के आदर्शों से प्रेरित विशेष कार्यक्रम 25 नवंबर तक जारी रहेंगे। इस अवसर पर चार शहीदी यात्राएं भी निकाली जा रही हैं। 8 नवंबर सिरसा के रोडी से 11 नवंबर पंचकूला के गांव मढ़ावाला से 14 नवंबर फरीदाबाद से 18 नवंबर यमुनानगर के साढ़ौरा से ये सभी यात्राएं 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में एकत्रित होंगी।

# कैथल कांग्रेस आज करेगी रोष प्रदर्शन : रामचंद्र गुर्जर

**समर न्यूज | कैथल**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वोट चोर–गद्दी छोड़ अभियान के तहत 20 नवंबर को कैथल में जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने दी। उन्होंने बताया कि रोष प्रदर्शन सुबह 10 बजे जवाहर पार्क, नवग्रह चौक के निकट किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह करेंगे। वहीं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।
जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश सरकार


सुरजेवाला संबोधित करेंगे।

की जनविरोधी नीतियों, बढ़ते भ्रष्टाचार और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैथल में प्रस्तावित यह प्रदर्शन सरकार की वोट चोरी नीतियों का पर्दाफाश करेगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष प्रदर्शन को लेकर भारी उत्साह है। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को मजबूती देने की अपील की।

# दारू विवाद में ढाबा मालिक ने युवक को मारी गोली

## विकास उर्फ काला की मौत, आरोपी प्रदीप फौजी मौके से फरार

**समर न्यूज | झज्जर**

जिले के पाहसोर गांव में सोमवार देर रात एक शराब विवाद ने हत्याकांड का रूप ले लिया। गांव के एक चिकन कार्नर, ढाबे पर हुई कहासुनी के दौरान संचालक प्रदीप फौजी ने युवक विकास उर्फ काला को गोली मार दी। घायल युवक को झज्जर से रोहतक पीजीआईएमएस ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
पुलिस के मुताबिक, मृतक विकास अपने परिचितों के साथ पाहसोर स्थित ढाबे पर पहुंचा था। वहां शराब को लेकर ढाबा संचालक और विकास के बीच बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर प्रदीप फौजी ने पिस्टल निकालकर विकास पर गोली चला दी। जांच में सामने आया है कि विकास उर्फ काला पर 2014 में हत्या का मामला दर्ज था और वह 2021 से जमानत पर बाहर चल रहा था। वारदात के बाद आरोपी प्रदीप फौजी (निवासी खेड़ी जट्ट) मौके से फरार हो गया।
पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कई टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गठित कर दी हैं। मृतक के भाई सोमबीर ने पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उसने ढाबा संचालक पर जानबूझकर गोली मारने का आरोप लगाया। शिकायत के आधार पर सिटी थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सफलता** पुलिस ने 12 दिन में 260 हिस्ट्री शीटर, 768 कुख्यात बदमाश पकड़े

# ऑपरेशन ट्रैकडाउनः पुलिस ने 98 कुख्यात अपराधी पकड़े

**समर न्यूज | करनाल**

हरियाणा पुलिस ने राज्य में अपराध पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। मंगलवार को हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई में पुलिस ने एक ही दिन में 75 मुकदमे दर्ज किए, 98 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया और 81 हिस्ट्री शीट खोलकर संगठित अपराध के नेटवर्क को बड़े स्तर पर कमजोर किया।
पुलिस के अनुसार पिछले 12 दिनों में खोली गई कुल हिस्ट्री शीटों की संख्या 179 थी, जो मंगलवार की कार्रवाई के बाद बढ़कर 260 पर पहुंच गई है। अभियान की शुरुआत से अब तक पुलिस 768 कुख्यात अपराधियों को पकड़ चुकी है, जबकि विभिन्न मामलों में 2,980 अन्य


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -समर न्यूज

अपराधी भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी में झज्जर जिला सबसे आगे रहा, जहां 18 मामलों में 21 आरोपियों को पकड़ा गया। इसके बाद करनाल में 9, कैथल में 8 और रोहतक में 8 गिरफ्तारियां हुईं। हिस्ट्री शीट खोलने के मामले में सोनीपत अव्वल रहा, जहां 26 अपराधियों की हिस्ट्री शीट तैयार की गई। इसके अलावा रोहतक में 16 और गुरुग्राम में 11 हिस्ट्री शीट खोली गईं।
**विभिन्न धाराओं के तहत 75 केस दर्ज :** कार्रवाई के दौरान दर्ज किए गए 75 मामलों में सबसे ज्यादा 27 केस आर्म्स एक्ट के थे, जिनमें 33 आरोपी गिरफ्तार हुए। इसी तरह हत्या के प्रयास वाले 16 मामलों में 23 गिरफ्तारी हुईं। लूट के 6 मामलों में 10 और उगाही के 10 मामलों में 10 आरोपियों को पकड़ा गया। यह कार्रवाई दर्शाती है कि पुलिस केवल गिरफ्तारियों पर ही नहीं, बल्कि अपराध के जड़ को खत्म करने पर फोकस कर रही है।
**करनाल में अवैध कब्जा मामले के दो आरोपी गिरफ्तार**
करनाल पुलिस ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों रमेश और विशाल वालिया को प्रेम नगर इलाके से दबोचा। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी रमेश के खिलाफ पहले से ही छह गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, जबरन वसूली और हत्या के प्रयास के केस शामिल हैं। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने दोनों का एक दिन का रिमांड हासिल किया है।
**पुरानी रंजिश में वांछित चार आरोपी पकड़े गए**
ऑपरेशन ट्रैकडाउन के दौरान पुलिस ने करनाल में पुरानी रंजिश के झगड़े में वांछित चल रहे चार अन्य आरोपियों बबली, जसराम, प्रदीप और सागर को भी गिरफ्तार किया। इन पर अप्रैल 2025 में मीरा घाटी पार्क में मारपीट का मामला दर्ज था। मुख्य आरोपी बबली के खिलाफ भी छह गंभीर मामले दर्ज मिले हैं। पुलिस सभी गिरफ्तार आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है, ताकि आपराधिक गतिविधियों के नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की जानकारी मिल सके।

# भम्भौली के पास से सीआईए ने नोनी राणा गैंग के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

## बिना नंबर प्लेट के हथियार के साथ बाइक पर घूम रहे थे आरोपी

**समर न्यूज | यमुनानगर**

जिले में सक्रिय कुख्यात नोनी राणा गैंग पर पुलिस ने एक और सटीक प्रहार किया है। सीआईए-2 टीम ने 18 नवंबर की देर शाम पंचकुला–सहारनपुर हाईवे स्थित भम्भौली के पास से गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।
आरोपी बिना नंबर की बाइक पर हथियारों के साथ घूम रहे थे और किसी बड़ी वारदात की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बैंक कॉलोनी निवासी स्वास्तिक मेहरा उर्फ साहिल और फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी विवेक उर्फ अभिषेक उर्फ बेकू के रूप में हुई है। दोनों कई आपराधिक मामलों में पहले भी चिन्हित किए जा चुके हैं। गिरफ्तारी के बाद छप्पर पुलिस थाना ने दोनों को नामजद कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अब पुलिस दोनों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।
सीआईए-2 के अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नोनी राणा गैंग के दो सदस्य अवैध हथियारों के साथ हाईवे पर घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और ढाबे के बाहर संदिग्ध स्थिति में खड़े दोनों युवकों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान अभिषेक के पास से एक देशी कट्टा मिला, जिसमें चार जिंदा राउंड भरे हुए थे। वहीं स्वास्तिक से भी एक कट्टा व दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि दोनों युवक किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से इलाके में घूम रहे थे।
**नोनी राणा गैंग की सक्रियता फिर चर्चा में**
जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपी लंबे समय से नोनी राणा गैंग के संपर्क में थे। बताया जाता है कि गैंग सरगना नोनी राणा विदेश में बैठकर सोशल मीडिया के माध्यम से अपना नेटवर्क संचालित करता है।
गैंग के सदस्य कारोबारियों से रंगदारी मांगने, धमकी भरे कॉल करने और विरोध की स्थिति में फायरिंग करवाने जैसी घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस का कहना है कि गैंग की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां संभव हैं।

# जयराम का वार- झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता में आई कांग्रेस को जनता अगले चुनाव में ऑल्टो में फिट कर देगी

## ये कैसा जश्न: 10 हजार से अधिक की राशि का भुगतान ट्रेजरी ने रोका; सैलरी,पेंशन समय पर नहीं मिल रही

**समर न्यूज़ | शिमला।**



प्रेस से वार्ता करते हुए जयराम ठाकुर। -समर न्यूज़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का 3 साल का जश्न गले से नहीं उतर रहा है। यह जश्न किस बात का मनाया जाएगा इसको लेकर कांग्रेस के बड़े सारे नेता भी समझ नहीं पा रहे हैं? प्रदेश आपदा से जूझ रहा है।

हिमाचल प्रदेश में डिजास्टर एक्ट लागू है। जिसका हवाला देकर मुख्यमंत्री द्वारा पंचायत चुनाव को स्थगित करने की कोशिशें जारी हैं, इतनी विपरीत परिस्थितियों के बाद भी सरकार के लिए तीन साल के कार्यकाल का जश्न न जाने क्यों लाजमी है। व्यवस्था परिवर्तन वाली सुक्खू की सरकार और कांग्रेस नेताओं द्वारा जश्न के बगैर नहीं रहा जाता। प्रेस वार्ता में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने कांग्रेस को साफ संदेश दिया है और हिमाचल में कांग्रेस का हाल और भी बुरा होगा। दूर-दूर तक कांग्रेस विधानसभा के चुनाव में दिखाई नहीं देगी। झूठी गारंटियों के दम पर पिछली बार सत्ता में आए कांग्रेस को हिमाचल की जनता अगले विधान सभा चुनाव में ऑल्टो कार में फिट कर देगी।

हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में 10 हजार से अधिक की राशि का भुगतान ट्रेजरी द्वारा रोक दिया गया है। सैलरी,पेंशन समय पर नहीं मिल रही, मेडिकल रीइंबर्समेंट खासकर बजुर्गों के लिए नहीं हो पा रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिला और आउटसोर्स पर जो भर्तियां हुई थी उनको हटाया जा रहा है। 15000 से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकाला जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में सारी सुविधाओं का बुरा हाल है। उसके बाद भी सरकार जश्न की तैयारी में मशगूल है।

जयराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार को 3 साल पूरे हो रहे हैं। सरकार का बड़ा हिस्सा उन्होंने निकाल दिया है। इन 3 सालों में उनके पास गिनाने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं है। कांग्रेस को अपनी सरकार की एक योजना का जिक्र करना चाहिए, जिसकी चर्चा जनता के बीच हो। जिस योजना के दस-पांच हजार लाभार्थी भी हों। हमारी सरकार के दौरान हिम केयर, सहारा, स्वावलंबन, गृहिणी सुविधा, शगुन, जन मंच जैसी योजनाएं चल रही थी उनको कांग्रेस सरकार द्वारा बंद कर दिया है। उन योजनाओं का नाम प्रदेश वासियों की जुबान पर था।

हमारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के लोगों को लाखों की संख्या में मिला। लेकिन यह सरकारी योजनाओं को भी नहीं चला पा रही है। उन्हें घोषित या अघोषित रूप से बंद करने पर आमादा है। आज हिम केयर के पैसे नहीं मिल रहे, गृहिणी सुविधा में गैस भी नहीं मिल रही, यह स्थिति दयनीय है। बेटियों के शगुन योजना भी बंद है और असहाय लोगों के लिए चलाई गई सहारा योजना भी। कांग्रेस नेताओं को बताना चाहिए कि यह जश्न है किस बात का मान रहे हैं, अगर कांग्रेस के नेताओं में कुछ लज्जा है तो इस जश्न के फैसले को वापस लेना चाहिए।

# चिंतपूर्णी महोत्सव पर उठे सवालों पर विधायक बबलू का पलटवार

## आयोजन के लिए इस वर्ष मंदिर न्यास से एक रु. तक का उपयोग नहीं किया

**विकास | चिंतपूर्णी**
**समर न्यूज़**

चिंतपूर्णी में आयोजित महोत्सव को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने पूर्व विधायक बलबीर चौधरी के आरोपों का करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि महोत्सव की तैयारी और आयोजन के लिए इस वर्ष मंदिर न्यास से एक रु. तक का उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बिना तथ्य जाने महोत्सव को विवादित बनाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर मेले और महोत्सव आयोजित होते हैं, तो चिंतपूर्णी को लेकर ही आपत्तियां क्यों खड़ी की जा रही हैं। उन्होंने



विधायक सुदर्शन सिंह बबलू

उदाहरण देते हुए कहा कि मंडी में शिवरात्रि मेला भगवान भोले शंकर के नाम से, रेणुका जी में मेला माता रेणुका के नाम से, और सोलन में शूलिनी माता के नाम से मनाया जाता है, जो कि सदियों पुरानी परंपरा है। ऐसे में माता चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर अनावश्यक रूप से शंका पैदा करना उचित नहीं है।

उन्होंने स्वयं नंगे पांव माता की ज्योति लेकर पंडाल में स्थापित की, जो उनकी भक्ति और समर्पण को दर्शाता है। विधायक ने यह भी याद दिलाया कि पिछली बार महोत्सव में हिमाचली कलाकारों को न बुलाए जाने पर भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया था। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस बार महोत्सव में विशेष रूप से एक दिन हिमाचली कलाकारों के नाम रखा गया, जिसमें 100 से ज्यादा स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी और दर्शकों ने इसका भरपूर आनंद लिया। बबलू ने आरोप लगाने वालों से आग्रह किया कि वे राजनीति से ऊपर उठकर धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को समझें और ऐसे महोत्सवों को विवादों में घसीटने के बजाय सहयोग करें, ताकि स्थानीय संस्कृति को और मजबूती मिले।

# इंदिरा गांधी जयंती पर विधायक विवेक शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**राकेश | उना**
**समर न्यूज़**



इंदिरा गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता। -समर न्यूज़

भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

यह प्रभात फेरी सुबह 4 बजे शिव मंदिर समूर से प्रारंभ होकर शिव वाड़ी मंदिर बरनोह तक निकाली गई। पूरे मार्ग में जय इंदिरा, कांग्रेस जिंदाबाद और इंदिरा गांधी अमर रहें के नारों से वातावरण उत्साहपूर्ण रहा।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि 19 नवंबर 1917 को जन्मी इंदिरा गांधी न केवल भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी द्वारा शुरू की गई नीतियों और योजनाओं ने देश के गरीब, किसान, महिलाओं और वंचित वर्ग के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाए। बैंकों के राष्ट्रीयीकरण से लेकर हरित क्रांति तक उनके निर्णायक कदमों ने भारत की आर्थिक और कृषि व्यवस्था को नई दिशा दी। शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी द्वारा लिए गए कई दूरदर्शी निर्णय आज भी भारत की प्रगति की आधारशिला माने जाते हैं। कुटलैहड़ में निकली यह प्रभात फेरी उनके प्रति सम्मान और उनकी विरासत के प्रति समर्पण का जीवंत संदेश बनकर उभरी।

# रिज मैदान में इंदिरा गांधी को सीएम सुक्खू ने दी श्रद्धांजलि, विपक्ष पर भी किया प्रहार

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर शिमला के रिज मैदान में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की नेतृत्व क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति ने भारत को विश्व मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया। विशेषकर बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान उनकी निर्णायक भूमिका ने न केवल दक्षिण एशिया के राजनीतिक समीकरण बदले, बल्कि भारत की सुरक्षा और सामरिक स्थिति को भी सुदृढ़ बनाया। सीएम ने कहा कि बांग्लादेश के निर्माण की





मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पुष्पांजलि अर्पित करते हुए। -समर न्यूज़

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता एक मील का पत्थर है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष के उन आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी, जिनमें सरकार पर आपदा प्रबंधन में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए थे। सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी प्रभावितों तक राहत और सहायता पहुंचाना होती है। पंचायत चुनावों का अपना समय और प्रक्रिया है, लेकिन शासन का पहला दायित्व नागरिकों की सुरक्षा और उन्हें समय पर सहायता प्रदान करना है।

# सीएम सुक्खू ने दून विधानसभा क्षेत्र में 383 करोड़ के लोकार्पण और शिलान्यास किए

**समर न्यूज़ | शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान 383 करोड़ रुपये की 12 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। उन्होंने 86 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बद्दी-साई-रामशहर सड़क, दून क्षेत्र में 15.78 करोड़ रुपये की लागत के ट्यूबवेल, 10.64 करोड़ रुपये से निर्मित नागरिक अस्पताल, बद्दी और 3.15 करोड़ रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरोटीवाला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया।

उन्होंने शिक्षा खंड बद्दी में हरिपुर संडोली, सूरज माजरा, लबाना और चक्कां में नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक विद्यालयों का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 73.21 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाली गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति योजना, बद्दी, 63.73 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाली बद्दी-शीतलपुर-जगातखाना सड़क, 40 करोड़ रुपये के आईएसबीटी बद्दी, 37.67 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मिनी सचिवालय भवन बद्दी, बद्दी के छूटे हुए क्षेत्रों के लिए 37.10 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज योजना और कल्याणपुर में 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला सोलन के दून विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मंडल खोलने की घोषणा की है।

# धर्मशाला में 21 से शुरू होगा इंटरनेशनल कन्वेंशन

## दुनिया भर से 100 विदेशी डेलीगेट होंगे शामिल,कार्यक्रम की थीम 'सस्टेनेबल टूरिज्म एंड वेलनेस'

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) में 21 से 23 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन टूरिज्म हॉस्पिटैलिटी कांग्रेस द्वारा करवाया जा रहा है, जो अब तक सभी सार्क देशों में सफलतापूर्वक अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन आयोजित कर चुकी है। दो वर्ष पहले यह कार्यक्रम फ्रांस में और पिछले वर्ष यूनाइटेड किंगडम में आयोजित किया गया था।

बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान सीयू के कुलपति एवं आईटीएचसी के अध्यक्ष प्रो. सतप्रकाश बंसल ने बताया कि आईटीएचसी ने सभी सार्क देशों में कन्वेंशन आयोजित करने का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इस



वर्ष कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका में प्रस्तावित था, लेकिन भारत-अमेरिका की मौजूदा परिस्थितियों और वीजा संबंधी जटिलताओं के कारण इसमें कठिनाइयाँ आईं। चूंकि कन्वेंशन में केंद्रीय विश्वविद्यालय के फैकल्टी, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को भी सम्मिलित होना था, इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार कार्यक्रम को हिमाचल प्रदेश में आयोजित करने का निर्णय लिया। कन्वेंशन का आयोजन धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभागार में होगा। इसमें दुनिया के विभिन्न देशों से लगभग 100 विदेशी प्रतिनिधि भाग लेने के लिए धर्मशाला पहुंचेंगे।

कार्यक्रम की मुख्य थीम 'सस्टेनेबल टूरिज्म एंड वेलनेस' रखी गई है, जिसके माध्यम से स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन स्थलों पर बढ़ती भीड़ की समस्या से निपटने के उपायों पर मंथन किया जाएगा। कुलपति बंसल ने कहा कि शिमला, मनाली और धर्मशाला जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर अत्यधिक भीड़ बढ़ती जा रही है, जिसके कारण पर्यावरणीय और सामाजिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

ऐसे में ग्रीन टूरिज्म को अपनाने और नए पर्यटन स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अब तक विदेशों में आयोजित सभी कन्वेंशनों की रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जा चुकी है। इसी तरह धर्मशाला में होने वाले इस कन्वेंशन की रिपोर्ट भी केंद्रीय मंत्रालय को भेजी जाएगी, जिससे भारत और यूनाइटेड किंगडम सहित अन्य देशों के साथ पर्यटन संबंधों को और मजबूत किया जा सकेगा।

# शेरपुर-चकरा सड़क का आधुनिकीकरण शुरू, हजारों लोगों को मिलेगा लाभ : विक्रमादित्य

**मंजूर पठान | चंबा**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश के लोकनिर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह अपने दो दिवसीय चंबा दौरे के तहत शुक्रवार देर शाम डलहौजी पहुंचे। दौरे के दूसरे दिन उन्होंने डलहौजी निर्वाचन क्षेत्र के महत्वपूर्ण शेरपुर–चकरा मार्ग के चौड़ीकरण, मेटलिंग और टायरिंग कार्य की औपचारिक शुरुआत भूमि पूजन के साथ की। यह परियोजना नाबार्ड के सहयोग से स्वीकृत हुई है, जिस पर कुल 7 करोड़ 79 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे।

हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश का कोई भी गांव सड़क सुविधा से वंचित न रहे। लोगों की आसान आवाजाही, आर्थिक गतिविधियों और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के





हिमाचल प्रदेश के लोकनिर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह

लिए सड़क ढांचा सबसे अहम है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि शेरपुर–चकरा सड़क पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में बनी थी और अब इसे आधुनिक मानकों के अनुरूप अपग्रेड किया जा रहा है।

चौड़ीकरण और पक्का निर्माण पूरा होने के बाद यह सड़क न केवल सुविधाजनक होगी, बल्कि स्थानीय लोगों एवं क्षेत्र में पर्यटन के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी।

मंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को भी सुना तथा आश्वासन दिया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य समयसीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए।

# चुनाव स्थगन और जश्न के खर्च पर मचा घमासान

**अरविंद | हमीरपूर**
**समर न्यूज़**

प्रदेश राजनीति में एक बार फिर तीखी बयानबाज़ी देखने को मिली है। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर सीधा निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार अपने ही बयानों और निर्णयों में विरोधाभास पैदा कर रही है। राणा का कहना है कि पंचायती राज चुनावों को स्थगित करने के पीछे सरकार टूटी सड़कों का बहाना दे रही है, जबकि दूसरी ओर इन्हीं सड़कों पर मंडी में सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर बड़े स्तर का जश्न आयोजित करने की तैयारियां की जा रही हैं। राजेंद्र राणा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि सड़कें चुनाव करवाने लायक नहीं हैं, तो फिर करोड़ों रुपये खर्च कर महोत्सव मनाने का आधार क्या है।

# संजौली मस्जिद विवाद, शिमला पुलिस थाने के बाहर हिंदू संगठनों का अनशन जारी

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

संजौली मस्जिद विवाद एक बार फिर गरमा गया है और इसे लेकर स्थानीय हिंदू संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। शिमला के संजौली थाना परिसर के बाहर विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता तंबू लगाकर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। मंगलवार को अनशन का दूसरा दिन रहा, लेकिन अभी तक



हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता तंबू लगाकर आमरण अनशन पर बैठे

प्रशासनिक स्तर पर कोई वार्ता नहीं हो सकी है। आंदोलनकारी संगठनों ने जिला प्रशासन को शाम 5 बजे तक का अंतिम अल्टीमेटम दिया है और चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

अनशन पर बैठे लोगों का कहना है कि वे पिछले शुक्रवार को संजौली मस्जिद में नमाज़ रोकने के दर्ज मामले में का विरोध कर रहे हैं। इस घटना में छह व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद से स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय कार्यकर्ता लगातार धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं और सोशल मीडिया व फोन कॉल के जरिये देश-विदेश से भी समर्थन मिल रहा है। उनके अनुसार, विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग आंदोलन के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं और इसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।विजय शर्मा का दावा है कि यह आंदोलन सिर्फ स्थानीय मामला नहीं रह गया, बल्कि पूरे सनातन समाज का प्रश्न बन गया है। हिंदू संगठनों की ओर से साफ कहा गया है कि वे वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन प्रशासन को गंभीरता दिखानी होगी।

# रामपुर के शांत रठोह गांव में तीन मंजिला मकान जलकर खाक

**शिमला।** जिले के रामपुर उपमंडल की दलाश पंचायत में देर रात एक भीषण हादसा सामने आया, जब शांत रठोह गांव में स्थित तीन मंजिला आवासीय भवन अचानक आग की लपटों में घिर गया। रात का समय होने के कारण अधिकांश लोग गहरी नींद में थे, तभी मकान से उठती तेज लपटें और धुएं के गुबार ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। पल भर में आग ने इतनी तीव्रता पकड़ ली कि आसमान तक लाल चमक दिखाई देने लगी।



इस इमारत में बाहर से आए मजदूर किराए पर रहते थे। आग लगते ही घर के भीतर से अजीब सी गंध और हलचल महसूस होने पर मजदूरों ने तुरंत बाहर निकलने की कोशिश की। सौभाग्य से वे समय रहते बाहर आ गए, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। यदि कुछ क्षण की भी देर हो जाती, तो स्थिति बेहद भयावह हो सकती थी।आग तेजी से फैलती गई और देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी जद में ले लिया। अंदर रखा फर्नीचर, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान और दैनिक उपयोग की वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं। आग बुझाने के साधन सीमित होने के बावजूद ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं हारी और पानी, मिट्टी व अन्य उपलब्ध साधनों की मदद से लगातार प्रयास करते रहे।

# पंचायत और नगर निकाय की चुनाव तैयारी में सुस्ती पर राज्य निर्वाचन आयोग सख्त

**समर न्यूज़ | शिमला**

हिमाचल प्रदेश में होने वाले पंचायत और नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला उपायुक्तों के कामकाज पर कड़ी नाराज़गी जताई है। आयोग का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए थे, लेकिन अधिकांश उपायुक्तों ने इन निर्देशों का पालन नहीं किया। इसी लापरवाही को देखते हुए आयोग ने सभी उपायुक्तों से जवाब तलब किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार उपायुक्तों को समय पर आरक्षण रोस्टर घोषित करने के लिए कहा गया था, लेकिन अब तक किसी भी जिले से रोस्टर जारी नहीं किया गया है।

यही नहीं, चुनाव सामग्री उठाने की प्रक्रिया में भी जिला प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा। वोटर लिस्टों का निर्धारित समय में प्रकाशन न होना नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। आयोग ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों को अब राज्यपाल के समक्ष भी प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आयोग अपनी संपूर्ण तैयारी की रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपेगा, क्योंकि सरकार और आयोग के बीच बेहतर तालमेल से ही चुनाव सुचारू रूप से संभव होंगे। इस बीच आयोग ने यह भी बताया कि चुनावों के लिए करीब 3 करोड़ मतपत्रों की छपाई पूरी कर ली गई है। मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी महत्वपूर्ण फॉर्म भी मुद्रित कर दिए गए हैं।

**तैयारी**

## अस्थायी भवनों में चल रही कक्षाएं, दान की भूमि पर बन रहे नए स्कूल

# देउरी स्कूल का नया भवन तैयार, चार स्कूलों का निर्माण कार्य जारी

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

मंडी ज़िले के पांच सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। लंबे इंतज़ार के बाद अब इनमें से सीनियर सेकेंडरी स्कूल देउरी का नया भवन 4.69 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हो गया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रभावित क्षेत्रों का



सीनियर सेकेंडरी स्कूल देउरी

दौरा स्कूल का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया था।

इसी वादे को पूरा करने के लिए सरकार ने इस भवन को सबसे पहले तैयार कराया। उच्च शिक्षा उपनिदेशक मंडी यशवीर धीमान ने बताया कि देउरी स्कूल का भवन पूरी तरह तैयार है। शेष चार स्कूलों के लिए भी धनराशि जारी की जा चुकी है और उन पर तेज़ी से काम चल रहा है।

मंडी ज़िले के बाकी चार स्कूलों की कक्षाएं अभी भी अस्थायी भवनों में संचालित की जा रही हैं। इनमें से कुछ का निर्माण पुराने स्थान पर ही हो रहा है, जबकि कुछ स्कूल दान में मिली भूमि पर नए सिरे से बनाए जा रहे हैं।

स्कूलों के धनराशि सरकीधार स्कूल 1.39 करोड़, घ्राण स्कूल 2.50, करोड़ कथोग स्कूल 1 करोड़, बागी कटौला स्कूल 1 करोड़ जारी की गई है।

# 10 स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वालों को पुलिस ने पंजाब से काबू किया

## पुलिस ने आरोपी से सोने की चेन बेचकर कमाए 1 लाख 60 हजार रुपये बरामद किए

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -समर न्यूज़

पंचकूला, पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने दस स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिषेक ओझा पुत्र सत्यनारायण ओझा निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, जो वारदात के दिनों के दौरान पंचकूला के सेक्टर-7 में रह रहा था। आरोपी साइंस विषय में ग्रेजुएट था और पंचकूला में रहकर मोहाली में प्राइवेट क्षेत्र मे नौकरी करता था।

आरोपी पहले भी कई मामलों में गिरफ्तार हो चुका है और इन दिनों वह जमानत पर बाहर चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पंजाब के मोगा जिले में छिपा हुआ है सूचना मिलते ही डिटेक्टिव स्टाफ की टीम तुरंत हरकत में आई और बिना समय गंवाए दबिश देकर आरोपी को 18 नवंबर को काबू कर लिया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने अलग-अलग समय पर अकेले ही पंचकूला में महिलाओं को निशाना बनाकर तीन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपी विशेष रूप से सेक्टर क्षेत्र की उन सड़कों पर घूमता था जहां सुबह-शाम महिलाएं टहलने या बाजार आने-जाने के लिए निकला करती थीं। पुलिस ने आरोपी से अलग-अलग मामलो मे सोने की चेन व टुकड़ो को बेचकर हासिल की गई 1 लाख 60 हजार रुपए की नकदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज मंदीप सिंह ने बताया कि अभिषेक ओझा सिर्फ पंचकूला में ही नहीं बल्कि चंडीगढ़ में भी 5 स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे चुका है। इसके अलावा उसके खिलाफ आगरा में 2 स्नैचिंग के मामले और 1 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। आरोपी का अपराध रिकॉर्ड बताता है कि बार-बार ठिकाना बदल देता था। आरोपी को गिरफ्तार करने में जांच अधिकारी एएसआई गुरमेज, एएसआई प्रदीप, मुख्य सिपाही कंवरपाल और एसपीओ सतीश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम ने सटीक जानकारी और उत्कृष्ट टीमवर्क के आधार पर आरोपी को बेहद सूझबूझ के साथ धर दबोचा। आरोपी को आज अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी का शहीदी दिवस श्रद्धा से मनाया


कीर्तन करते रागी। -समर न्यूज़

समर न्यूज़ | मोहाली

निकटवर्ती गांव सोहाना स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा सिंह शहीदां में अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी का शहीदी दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग डाले गए, जिसके बाद दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहा। समारोह की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय ढाडी जत्थे के प्रसिद्ध रागी भाई परुपकर सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने बाबा दीप सिंह जी के जीवन, उनके पराक्रम और सिर हथेली पर रखकर लड़ने वाली ऐतिहासिक घटना का संगत के समक्ष भावपूर्ण वर्णन किया। इसके बाद भाई चरणजीत सिंह (श्री आनंदपुर साहिब वाले) ने अपने मधुर कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को गुरु की वाणी से जोड़े रखा। लुधियाना से पधारे संत बाबा स्वर्ण सिंह ने अपने प्रेरणादायी प्रवचन में कहा कि बाबा दीप सिंह जी अपनी वृद्धावस्था में भी अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध जिस अदम्य साहस के साथ खड़े हुए, वह खालसा इतिहास में अमिट है।

▪ टॉपर छात्रों ने इन्फोसिस चंडीगढ़ का किया शैक्षणिक दौरा

# इन्फोसिस में छात्रों ने जाना एआई, रिसर्च व आईटी के उभरते अवसर

समर न्यूज़ | पंचकूला


इन्फोसिस कार्यालय का दौरा करते हुए छात्र। -समर न्यूज़

पंचकूला, हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह के नेतृत्व में 16 उत्कृष्ट (टॉपर) छात्रों ने इन्फोसिस, राजीव गांधी आईटी पार्क, चंडीगढ़ का शैक्षणिक दौरा किया। यह दौरा छात्रों को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली, नई तकनीकों तथा आधुनिक शोध गतिविधियों से परिचित कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने कहा कि छात्रों को वैश्विक स्तर पर बदलते तकनीकी परिदृश्य के साथ जोड़ने के लिए इंडस्ट्री एक्सपोज़र अत्यंत आवश्यक है। इसी सोच के तहत विभाग लगातार ऐसे शैक्षणिक दौरों का आयोजन कर रहा है।

इस संबंध में विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शैक्षणिक दौरे में हरियाणा के सभी पाँच एसआईटी तथा गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार और दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कंप्यूटर साइंस फाइनल ईयर के छात्रों ने भाग लिया। इन्फोसिस पहुंचने पर डिंपल भसीन और हरप्रीत सिंह द्वारा विभागीय टीम एवं छात्रों का स्वागत किया गया। इन्फोसिस की ओर से छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिसर्च कार्य तथा आईटी उद्योग में उभरते अवसरों पर एक विशेष इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया।

इसके उपरांत छात्रों को इन्फोसिस कैंपस का विस्तृत भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने नवीनतम प्रौद्योगिकियों, अत्याधुनिक लैब्स, वर्क कल्चर तथा उद्योग के वास्तविक वातावरण को देखा और समझा। प्रवक्ता ने बताया कि इससे पूर्व तकनीकी शिक्षा विभाग 28 छात्रों को इसरो अहमदाबाद का शैक्षणिक दौरा भी कराया गया था। इन्फोसिस का यह दौरा भी उसी श्रृंखला का अगला महत्वपूर्ण चरण है। हाल ही में कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को इसरो, अहमदाबाद, सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़, पीईसी चंडीगढ़, एससीएल, मोहाली, एनएबीआई, आईआईटी एक्सटेंशन कैंपस के अध्ययन दौरे पर ले जाया गया। प्रवक्ता ने बताया कि प्रभजोत सिंह के मार्गदर्शन में सिविल, टेक्सटाइल, मैकेनिकल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक और कम्युनिकेशन शाखा के 400 से अधिक संकाय सदस्यों ने आईआईटी कैंपस, नई दिल्ली का भी दौरा किया है।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने सहकारी समितियों की समीक्षा बैठक की


अपर उपायुक्त अनमोल सिंह धालीवाल बैठक की अध्यक्षता करते हुए। -समर न्यूज़

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) अनमोल सिंह धालीवाल ने आज जिला प्रशासनिक परिसर में मोहाली जिले की सभी सहकारी आवास समितियों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। बैठक में, सभी सहकारी आवास समितियों को विभिन्न शहरी विकास प्राधिकरणों के बकाया जैसे भूमि की लागत, सीएलयू शुल्क, गैर-निर्माण शुल्क आदि तुरंत जमा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, जिन समितियों का गमाडा/शहरी विकास प्राधिकरणों के पास कोई बकाया बकाया है, उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्र निरीक्षकों को गमाडा के साथ तुरंत समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए और रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां पंजाब चंडीगढ़ द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार विभिन्न शहरी विकास प्राधिकरणों को देय राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां एसएएस नगर गुरबीर सिंह ढिल्लों और सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# इंदिरा गांधी की जंयती पर प्रदेश मुख्यालय में अर्पित की श्रद्धांजलि

▪ पूर्व मंत्री और विधायक गीता भुक्कल और कांग्रेस नेताओं ने किया नमन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़


इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए कांग्रेस नेता। -समर न्यूज़

चंडीगढ़, देश की पहली महिला प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री एवं विधायक गीता भुक्कल, मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज एवं करनाल शहरी जिला प्रधान पराग गाबा ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। झज्जर से विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि इंदिरा गांधी सिर्फ एक राजनेता नहीं थीं, बल्कि देश के विकास की ऐसी रूपरेखा प्रस्तुत करने वाली व्यक्तित्व थीं, जिसने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत किया। उनके साहस और जनकल्याण के प्रति समर्पण ने उन्हें आयरन लेडी की उपाधि दिलाई। इंदिरा गांधी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और कमजोर वर्गों की आवाज बनीं। 'गरीबी हटाओ' का उनका उद्घोष आज भी भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की विरासत केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हर कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी के विचारों, उनके कर्मठ नेतृत्व और जनता-समर्पित भावना को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति की ऐसी शख्सियत थीं, जिन्होंने अपने दृढ़ संकल्प, साहसिक फैसलों और मजबूत नेतृत्व से भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया। 1971 के युद्ध में उनके निर्णायक नेतृत्व ने न केवल पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी गई, बल्कि बांग्लादेश को पाकिस्तान से मुक्त कराकर स्वतंत्र देश का दर्जा दिलाया गया। उनके कार्यकाल में देश खाद्यान्न मामलों में आत्मनिर्भर बना और हरित क्रांति का नया दौर शुरू हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी का जीवन केवल राजनीतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं था, बल्कि वह भारत की अस्मिता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक थीं। संकट के समय उनका धैर्य और दृढ़ता राष्ट्र के लिए प्रेरणा का संदेश है। उन्होंने न केवल भारत को एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र बनाया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी प्रतिष्ठा को ऊंचा उठाया।

# विधायक ने 14 महिला ब्लॉक अध्यक्षों को किया सम्मानित

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मान समारोह में विधायक कुलवंत। -समर न्यूज़

आम आदमी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मज़बूत करने तथा भगवंत सिंह मान मुख्यमंत्री पंजाब के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार की नीतियों को पहुंचाने के लिए आम आदमी पार्टी हाईकमान की ओर से एक महिला विंग का गठन किया गया है। 14 महिला कार्यकर्ताओं को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि 3 और अध्यक्षों को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया जा रहा है। यह बात मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कही।

विधायक कुलवंत सिंह सेक्टर-79 स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में महिला उद्यमिता दिवस के अवसर पर इन ब्लॉक अध्यक्षों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि जिन ब्लॉक अध्यक्षों को पार्टी ने यह महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौंपी है, वे इन ज़िम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ज़िम्मेदारी से निभाएँ। इसके लिए मैंने सभी से अनुरोध किया है कि वे हमेशा लोगों के सुख-दुख में शामिल हों, उनकी बात सुनें और समय रहते उनकी समस्याओं व जरूरतों का समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह ने पार्षद व महिला विंग की संयोजिका मैडम रमनप्रीत कौर कुम्बरा द्वारा पार्टी की मजबूती के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि जहां मैं पार्टी हाईकमान द्वारा नियुक्त किए गए ब्लॉक अध्यक्षों को बधाई देता हूं, वहीं स्वयं सहायता समूह के तहत काम कर रही 14 महिलाओं को भी बधाई देता हूं। -महिलाएं गांव-गांव जाकर बच्चों व बालिकाओं को प्रशिक्षित करती हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और किसी पर निर्भर न रहें और खुद पैसा कमाकर अपना व अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें।

# कृषि विभाग लगाएगा रबी 2025 के लिए किसान प्रशिक्षण शिविर

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

मोहाली, कृषि विभाग, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर द्वारा किसानों को रबी 2025 की फसलों के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 28 जनवरी, 2025 को सुबह 9:00 बजे किसान विकास केंद्र, एयर सिटी, ब्लॉक-सी, एयरपोर्ट चेक चौक, मोहाली में शुरू होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के लगभग 650 किसान और महिला किसान भाग लेंगे, जहाँ कृषि विभाग के विशेषज्ञ अधिकारी रबी फसलों, नई तकनीकों, मृदा एवं जल संरक्षण और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। शिविर का उद्घाटन उपायुक्त, एसएएस नगर द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंजाब करेंगे। इस अवसर पर, मोहाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलवंत सिंह और डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कृषि विभाग सभी किसान भाइयों और महिलाओं से अनुरोध करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और इस शिविर का लाभ उठाएं।

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक ली, ब्लैक स्पॉट्स की तुरंत मरम्मत के निर्देश

# हिट एंड रन मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश

प्रदीप सिंह हैप्पी|मोहाली
समर न्यूज़


सड़क सुरक्षा की समीक्षा की बैठक की अध्यक्षता करती हुई उपायुक्त। -समर न्यूज़

उपायुक्त कोमल मित्तल ने मंगलवार को जिला प्रशासनिक परिसर में जिला सड़क सुरक्षा समिति और परिवहन विभाग के साथ सड़क सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिले की मुख्य सड़कों पर मौजूद ब्लैक स्पॉट्स को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए संबंधित विभागों एनएचएआई, गमाडा, नगर निगम मोहाली और पीडब्ल्यूडी को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कोहरे के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख सड़कों पर रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेतक बोर्ड, डिवाइडर और अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थापना तत्काल की जाए, ताकि पैदल यात्रियों और वाहन चालकों की सुरक्षा पुख्ता की जा सके।

यातायात पुलिस द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में झाड़ियां हटाने, स्प्रिंग कोन, रंबल स्ट्रिप्स, ब्लिंकर, ट्रैफिक लाइट टाइमर, ज़ेबरा क्रॉसिंग, स्टॉप लाइन और गति सीमा बोर्ड की आवश्यकता को दर्शाया गया। उपायुक्त ने गमाडा, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग को इन सभी सिफारिशों पर तेजी से अमल कर दो सप्ताह के भीतर कार्य रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का कड़ाई से पालन होगा और किसी भी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। आरटीओ कार्यालय के अनुसार, सितंबर और अक्टूबर में संयुक्त जांच के दौरान 40 स्कूल बसों की जांच की गई, जिनमें 3 के चालान काटे गए। इसके अलावा, आरटीओ ने 15 बसों पर चालान कार्रवाई की और एमवीआई ने 50 बसों को फिट घोषित किया।

### गुड सेमेरिटन योजना पर जागरूकता बढ़ाने पर जोर

उपायुक्त ने बताया कि पंजाब सरकार की गुड सेमेरिटन (देवदूत) योजना के तहत सड़क दुर्घटना में सहायता करने वाले व्यक्ति को 2,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। साथ ही, दुर्घटनाओं की समय पर रिपोर्टिंग के लिए ई-डीएआर पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया। उपायुक्त ने लंबित हिट एंड रन मामलों का तुरंत निपटारा करने के निर्देश देते हुए कहा कि मृत्यु के मामलों में 2 लाख रुपये और गंभीर घायल मामलों में 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता बिना देरी के जारी की जाए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त (न्यायालय) गीतिका सिंह, डीएसपी (यातायात) करनैल सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सिविल सर्जन ने लोगों से अंगदान का संकल्प लेने की अपील की

# जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में कर्मचारियों और मरीज़ों ने अंगदान का लिया संकल्प


स्वास्थ्य संस्थानों में शपथ लेते कर्मचारी और जानकारी देती सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन। -समर न्यूज़

प्रदीप सिंह हैप्पी|मोहाली
समर न्यूज़

सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने ज़िले वासियों से अंगदान का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि भारत में प्रत्यारोपण के लिए अंगों और ऊतकों की भारी कमी है, इसलिए सभी को अंगदान का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में और अधिक जागरूक होना चाहिए ताकि वे अंगदान करके ज़रूरतमंदों की मदद कर सकें। गौरतलब है कि आज ज़िले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य कर्मचारियों, नर्सिंग छात्रों और मरीज़ों ने अंगदान का संकल्प लिया और स्वास्थ्य संस्थानों में आए मरीज़ों और उनके परिजनों को अंगदान के महत्व से अवगत कराया गया।

डॉ. जैन ने कहा कि अंगदान एक दान का कार्य है जिसमें किसी को नया जीवन देने की शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि अंगदान का संकल्प लेने का उद्देश्य न केवल स्वयं अंगदान का निर्णय लेना है, बल्कि मृत्यु के बाद अन्य लोगों को भी अंगदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रत्यारोपण के लिए आवश्यक अंगों की भारी कमी है, इसलिए अंगदान इस कमी को पूरा कर सकता है। 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति अपनी इच्छा से अंगदान कर सकता है। एक पेशेवर चिकित्सक अंगदान के समय अंगों की उपयोगिता का विश्लेषण करता है और उसके आधार पर अंगों के प्रत्यारोपण के बारे में निर्णय लिया जाता है। उन्होंने कहा कि अंगदान के बारे में भ्रांतियों पर भरोसा करने के बजाय, वास्तविक तथ्यों से अवगत होना बहुत ज़रूरी है क्योंकि भ्रांतियाँ लोगों को अंगदान करने से रोकती हैं। उन्होंने कहा कि अंगदान वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एक व्यक्ति के स्वस्थ अंगों और ऊतकों को निकालकर दूसरे व्यक्ति में प्रत्यारोपित किया जाता है। यह मृत्यु के बाद या कुछ मामलों में, जीवित रहते हुए भी किया जा सकता है। हृदय, यकृत, गुर्दे, फेफड़े, कॉर्निया और कई अन्य अंग दान किए जा सकते हैं। शरीर के अंगों के अलावा, मृत्यु के बाद पूरा शरीर भी दान किया जा सकता है। एक व्यक्ति अंगदान के माध्यम से आठ लोगों की जान बचा सकता है।

सिविल सर्जन ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में लोग अंग प्रत्यारोपण का इंतज़ार कर रहे हैं और इस इंतज़ार में कई लोग अपनी जान गँवा देते हैं। उन्होंने ज़िलावासियों से अपील की कि वे अंगदान का संकल्प लें और अपने परिवार, पड़ोसियों, रिश्तेदारों और दोस्तों को भी अंगदान के महत्व के बारे में बताएँ। अंगदान के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.notto.abdm.gov.in पर जाकर संकल्प फॉर्म भरकर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा, स्वास्थ्य विभाग के हेल्पलाइन नंबर 104 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# रुही सिंह ने बताया आखिर क्यों मस्ती 4 फिल्म के लिए हां कही



**मुंबई।** बॉलीवुड की दुनिया में कुछ फिल्में मनोरंजन के साथ-साथ हंसी और मस्ती का भरपूर अनुभव कराती हैं। ऐसी ही एक फिल्म है 'मस्ती 4', जो जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर अभिनेत्री रुही सिंह ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव और विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि फिल्म में हर तरह के दर्शक का ध्यान रखा गया है और यह फिल्म देखने वालों के लिए एक हल्का-फुल्का मनोरंजन और स्ट्रेस-बस्टर साबित होगी। रुही सिंह ने कहा कि हर फिल्म का अपना अलग मजा होता है और 'मस्ती 4' उसी की एक बेहतरीन मिसाल है। फिल्म में हंसी का पूरा खजाना है और अगर कोई अपने दिनभर के तनाव से छुटकारा पाना चाहता है तो यह फिल्म उनके लिए परफेक्ट है। रुही ने कहा कि इस फिल्म को देखने के लिए ज्यादा सोचने-समझने की जरूरत नहीं है, बस थिएटर जाएं और दिल खोलकर हंसें। उन्होंने आगे बताया कि मस्ती फ्रेंचाइजी हमेशा अपने खास दर्शक वर्ग के लिए बनती आई है और हर फिल्म का अपना अलग अंदाज और स्वाद होता है। 'मस्ती 4' इसी शैली को आगे बढ़ा रही है और इसमें दर्शक बिना किसी तनाव या चिंता के फिल्म देख सकते हैं। रुही ने आफताब शिवदसानी के साथ अपनी जोड़ी के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, "आफताब बेहद मिलनसार इंसान हैं। उनका स्वभाव बहुत नरम और शालीन है और वह दिल से बहुत अच्छे हैं। मेरे परिवार और दोस्त आफताब के फैन हैं। उनके साथ स्क्रीन पर काम करना एक शानदार अनुभव रहा और इस मौके को पाकर मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं।" इसके अलावा रुही ने फिल्म के अन्य कलाकारों की भी तारीफ की।

उन्होंने कहा कि रितेश देशमुख शानदार हैं। विवेक ओबेरॉय की उपस्थिति हमेशा यादगार रहती है और अरशद वारसी लंबे समय से मेरे पसंदीदा अभिनेता हैं। सेट पर उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। इतने प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना अद्भुत अनुभव था। जब रुही से पूछा गया कि उन्होंने 'मस्ती 4' में काम करने का फैसला किन कारणों से लिया तो उन्होंने कहा, ''इसका सबसे बड़ा कारण फिल्म का बड़ा फ्रेंचाइजी होना और सिनेमाघरों में रिलीज होना है। मैंने पहले कई ओटीटी प्रोजेक्ट्स पर काम किया है, लेकिन वहां दर्शक वर्ग की संख्या फिल्म के मुकाबले कम थी। इस फिल्म को लाखों लोग थिएटर में देखने आएंगे। इसके अलावा फिल्म में पहले से ही स्थापित और लोकप्रिय कलाकार हैं, जिससे यह प्रोजेक्ट और भी आकर्षक हो गया। इस वजह से मैंने तुरंत इस फिल्म को करने के लिए हां कह दी।'' 'मस्ती 4' 21 नवंबर को थिएटर में रिलीज होगी।



# मैं दुलकर सलमान को थप्पड़ मारना नहीं चाहती थी : भाग्यश्री बोरसे

**चेन्नई।** दुलकर सलमान की पीरियड ड्रामा फिल्म 'कांथा' को दर्शकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इसे तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषा में 14 नवंबर को रिलीज किया गया। इस फिल्म में तमाम कलाकारों के बीच अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने अपने किरदार 'कुमारी' के जरिए समीक्षकों की भी तारीफ हासिल की। भाग्यश्री बोरसे ने बातचीत में बताया कि उनके लिए कुमारी का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था। फिल्म में एक सीन ऐसा था जिसमें उन्हें अपने को-स्टार दुलकर सलमान को थप्पड़ मारना था। भाग्यश्री ने कहा, ''मैं इस सीन को करने के लिए तैयार नहीं थीं। मुझे अंदर से डर लग रहा था। मैं चाहती थीं कि यह नकली लगे, क्योंकि मैंने कभी किसी को मजाक में भी नहीं मारा। ऐसे में मैं सोच रही थी कि मैं ये सीन कैसे कर पाऊंगी। वहीं दुलकर चाहते थे कि उनके चेहरे पर असली भाव आए और इसी वजह से मैंने इस सीन को आखिर में करने का फैसला लिया।'' भाग्यश्री ने कहा, ''यह सीन करना मेरे लिए बहुत मुश्किल था, लेकिन दुलकर सलमान के कारण यह चुनौती मैंने स्वीकार की और इस सीन को पूरा किया। यह सीन फिल्म में प्रभावशाली लग रहा है।'' फिल्म 'कांथा' का निर्देशन सेल्वमणि सेल्वराज ने किया है और यह 1950 के दशक के मद्रास की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह एक अभिनेता और एक निर्देशक के बीच के तनावपूर्ण रिश्ते को दिखाती है। फिल्म की कहानी को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहले हाफ में किरदारों के बीच के टकराव को दिखाया जाता है, जबकि दूसरा हाफ एक मर्डर मिस्ट्री है जो दर्शकों को सस्पेंस में रखती है। फिल्म में दुलकर सलमान, समुथिरकानी, भाग्यश्री बोरसे और राणा दग्गुबाती प्रमुख भूमिकाओं में हैं। राणा दग्गुबाती ने एक जांचकर्ता का किरदार निभाया है और समुथिराकानी ने भी एक अहम सपोर्टिंग रोल किया है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 4.35 करोड़ रुपए के साथ शानदार शुरुआत की और इसका राज बॉक्स ऑफिस पर जारी है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के दूसरे दौर में प्रणय, आयुष और थारुन

**सिडनी।** भारतीय शटलर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 में दमदार प्रदर्शन किया है। एचएस प्रणय, आयुष शेट्टी और थारुन मन्नेपल्ली ने 4,75,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में पहले दौर के कड़े मुकाबलों में जीत हासिल करते हुए पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 33 वर्षीय एचएस प्रणय शुरुआत में जूझते नजर आए। प्रणय शुरुआती गेम में लय में नजर नहीं आए और दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सॉट मार्सेलिनो से 6-21 से हार गए। इसके बावजूद एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ने संयम बनाए रखते हुए अपने डिफेंस को मजबूत बनाया। उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण रखते हुए 57 मिनट तक चले मुकाबले में अगले दो गेम 21-12, 21-17 से जीत लिए। अब 2023 के उपविजेता एचएस प्रणय का सामना इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से होगा।




दूसरी ओर, कर्नाटक के 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी। इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन में अपनी पहली सुपर 300 जीत के बाद दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी ने कनाडा के सैम युआन को 21-11, 21-15 से शिकस्त दी। यह मुकाबला केवल 33 मिनट तक चला।

आयुष शेट्टी विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता रहे हैं। उनका सामना चौथे वरीय कोडाई नाराओका और शियाओडोंग शेंग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

एक अन्य मुकाबले में थारुन मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन के खिलाफ 21-13, 17-21, 21-19 से जीत दर्ज की।

# ICC रैंकिंग : वनडे में रोहित की बादशाहत खत्म, टेस्ट में नंबर-1 पायदान पर बुमराह

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने आईसीसी पुरुष वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। हालांकि, टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। डेरिल मिचेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 16 नवंबर को वनडे सीरीज के पहले मैच में 119 रन बनाए थे, लेकिन कमर की चोट की वजह से सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए। मिचेल 1979 में ग्लेन टर्नर के बाद पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इसी के साथ रोहित शर्मा का 22 दिनों का राज समाप्त हो गया है। मिचेल दो पायदान की छलांग लगाकर अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान और भारत के रोहित शर्मा से आगे



निकल गए।

इस बीच, पाकिस्तान के बाबर आजम रावलपिंडी में श्रीलंका के विरुद्ध 102 रनों की पारी खेलकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद रिजवान और फखर जमान सीरीज में दो-दो अर्धशतक लगाने के बाद क्रमशः 22वें और 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजों की लिस्ट में पाकिस्तानी लेग स्पिनर अबरार अहमद 11 पायदान की छलांग लगाकर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अबरार ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में 41 रन देकर 3 विकेट हासिल किए थे।

# विश्व मुक्केबाजी कपः वेन को हरा फाइनल में पहुंची प्रीति

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता और तीन बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन को प्रीति पवार (54 किग्रा) ने हराकर फाइनल में प्रवेश किया। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए फाइनल में प्रीति ने अरुंधति चौधरी, मीनाक्षी हुड्डा, अभिनाश जामवाल, अंकुश फंगल, नुपुर श्योराण, नरेंद्र बेरवाल, और परवीन सहित आठ भारतीयों के साथ फाइनल में जगह बनाई। हुआंग सियाओ-वेन के खिलाफ जीत के बाद प्रीति ने कहा, "मुझे पता था कि वह विश्व चैंपियन हैं, लेकिन विश्व चैंपियन बनने के लिए आपको एक विश्व चैंपियन को हराना होगा। मुकाबले से पहले मेरी यही सोच थी। मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था। दर्शकों ने जिस तरह मेरा समर्थन किया, उस वजह




से ही जीत दर्ज कर पाई।"अरुंधति ने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप के तीनों चरणों की पदक विजेता जर्मनी की लियोनी मुलर को हराया। पूर्व युवा विश्व चैंपियन और स्ट्रैंड्जा पदक विजेता, अरुंधति, डेढ़ साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। उन्होंने शुरुआती दोनों राउंड में पूरी आक्रामकता के साथ जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। विश्व चैंपियन मीनाक्षी ने कोरिया की बाक चो-रोंग पर शानदार जीत दर्ज की। दो बार के विश्व मुक्केबाजी कप पदक विजेता अभिनाश (65 किग्रा) ने यूक्रेन के एल्विन अलीएव को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। नरेंद्र (90+ किग्रा) ने भी कजाकिस्तान के दानियाल सपारबे के खिलाफ अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल में प्रवेश किया।अंकुश (80 किग्रा) ने अपनी गति और दबाव से ऑस्ट्रेलिया के मार्लन सेवेहोन को 5:0 से हराया। नुपुर (80+ किग्रा) ने यूक्रेन की मारिया लोवचिन्स्का को हराया।

# भारतीय टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे कप्तान गिल

**मुंबई।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच शनिवार से दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत होगी, जिसके लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुधवार को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। हालांकि, सीरीज के निर्णायक मुकाबले में गिल के खेलने पर अभी तक मुहर नहीं लगी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल को साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लग गई थी। दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद निगरानी में रखा गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। शुभमन को दिए गए उपचार का अच्छा असर हो रहा है। वह 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी



जाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर उसी के अनुसार फैसला लिया जाएगा।" कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के दूसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान गिल चोटिल हुए थे। भारतीय पारी के 35वें ओवर में साउथ अफ्रीकी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर चौका लगाने के बाद गिल को गर्दन में परेशानी महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। इसके बाद भारतीय कप्तान मैच में दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद गिल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गर्दन में सर्वाइकल कॉलर लगा हुआ था।

तीसरे दिन की शुरुआत से पहले बीसीसीआई ने घोषणा कर दी थी कि कप्तान गिल मैच के शेष हिस्से से बाहर हो गए हैं। भारतीय टीम को इस रोमांचक मुकाबले में 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने दो मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। अब सीरीज बराबरी पर खत्म करने के लिए टीम इंडिया को गुवाहाटी टेस्ट जीतना होगा।

इससे पहले अक्टूबर 2024 में गिल गर्दन में अकड़न की समस्या से जूझते नजर आए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले उन्हें यह समस्या हुई, जिसके कारण वह मैच से बाहर हो गए थे।

# साईं बाबा के शताब्दी समारोह में पहुंचे तेंदुलकर, सुनाया विश्व कप 2011 से जुड़ा किस्सा

**पुट्टपर्थी।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर बुधवार को आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में पहुंचे, जहां उन्होंने श्री सत्य साईं बाबा से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। तेंदुलकर ने बताया कि बाबा अक्सर उनके मन की बात को जान लेते थे, जो उनके लिए अविश्वसनीय होता था। इस दौरान तेंदुलकर ने विश्व कप 2011 से जुड़ा एक किस्सा भी साझा किया। सचिन तेंदुलकर ने समारोह में कहा, इस जगह ने हम लाखों लोगों को बहुत सुकून, उद्देश्य और दिशा दी है। जब मैं यहां खड़ा होता हूं, तो मुझे याद आता है कि बाबा ने हमारे जीवन में कितने योगदान दिए और हमें बेहतर इंसान बनाया। सचिन तेंदुलकर ने बताया कि बचपन में उनका हेयरस्टाइल श्री सत्य साईं बाबा की तरह ही



था। उन्होंने कहा, "मुझे याद है, मैं सिर्फ 5 साल का था और मैं जहां भी जाता था, मेरे स्कूल और मेरे आस-पास के लोग मुझे "वो जो छोटा बच्चा है ना, जिसके बाल सत्य साईं बाबा जैसे हैं" कहकर बुलाते थे। ऐसा सिर्फ इसलिए था, क्योंकि मैंने 5 साल की उम्र तक बाल नहीं कटवाए थे। मेरे बाल भी वैसे ही लंबे थे। मैं उस समय समाज के लिए बाबा के योगदान को समझने में बहुत छोटा था। मैं उनसे पहली बार 90 के दशक के मध्य में व्हाइटफील्ड में मिला था और तब से मुझे उनसे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला है।"

उन्होंने कहा, "बाबा में यह क्षमता थी कि चाहे आप कहीं भी हों वे आपके मन में, आपके साथ रह सकते थे। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मेरे मन में कई सवाल चल रहे थे। बिना पूछे ही, बाबा ने उन सवालों के जवाब दे दिए। यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव था। क्योंकि मैं सोच रहा था, उन्हें कैसे पता चला कि मेरे मन में क्या चल रहा था? उन्होंने पहले ही जवाब दे दिया था, मुझे आशीर्वाद दिया था, मुझे दिशा दी थी।"

सचिन तेंदुलकर ने बताया कि साल विश्व कप 2011 से पहले श्री सत्य साईं बाबा ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद की थी। उन्होंने कहा, "2011 से पहले मैं कई विश्व कप खेल चुका था। मुझे पता था कि यह मेरा आखिरी विश्व कप हो सकता है।

# दिनदहाड़े कपड़ा कारोबारी से लूट की कोशिश, दो लुटेरे फैक्ट्री में घुसे, पिस्तौल तानकर किया हमला

## ▪ वर्करों के पहुंचते ही फरार हुए हमलावर, घटना सीसीटीवी कैमरों में कैप्चर

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



कारोबारी पर हमला करते लूटेरे। -समर न्यूज़

शहर में लूटपाट के मामले दिन ब दिन बढ़ते चले जा रहे है। रोजाना बेखौफ लुटेरे शहर में लूट की वारदातों को अंजाम देने में लगे हुए है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार शाम को सामने आया, जहा थाना दरेसी के अधीन पड़ते इलाके सुंदर नगर में स्तिथ शिमला गारमेंट्स फैक्ट्री में दिनदहाड़े दो नकाबपोश लुटेरे घुस आए। जिन्होंने पहले तो फैक्टरी के सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट की, फिर पिस्तौल की नोक पर फैक्ट्री मालिक के दफ्तर में घुसकर धमकाया। विरोध करने पर लुटेरों ने कारोबारी से हाथापाई की, जिससे उन्हें हल्की चोटें आईं। हालांकि फैक्टरी वर्करों को देखकर हमलावर लूट की वारदात को अंजाम नही दे पाये और फरार हो गये। मामले की सूचना थाना दरेसी की पुलिस को दी गई। जहां पुलिस ने मौके पर पहुंच अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार शिमला गारमेंट्स के मालिक हरप्रीत सिंह ने बताया कि वह रोजाना की तरह अपने दफ्तर में बैठे काम में व्यस्त थे, तभी दो नकाबपोश बदमाश उनके दफ्तर में दाखिल हुए। बदमाशों ने हरप्रीत सिंह को डराना-धमकाना शुरू कर दिया और लूट की कोशिश की। इस पर कारोबारी ने विरोध किया तो लुटेरों ने उन पर हमला कर दिया। दोनों के बीच हाथापाई हुई, जिसमें हरप्रीत सिंह को हल्की चोटें आईं। पूरे घटनाक्रम के दौरान आरोपी लगातार पिस्तौल लहराते रहे और धमकियां देते रहे, जिससे फैक्ट्री में दहशत का माहौल बन गया।

इसी दौरान फैक्ट्री के वर्करों ने शोर सुना और तुरंत दफ्तर की तरफ दौड़े। वर्करों को आता देख दोनों लुटेरे घबरा गए और वारदात को अंजाम दिए बिना ही भाग निकले। पिस्तौल लहराते हुए वे तेजी से फैक्ट्री के बाहर आए और अपनी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। लुटेरों के फरार होने के बावजूद इस वारदात ने फैक्ट्री कर्मचारियों और आसपास के लोगों में दहशत फैला दी। वहीं, घटना के बाद लुधियाना के व्यापरियों ने भारी रोष जताया। उन्होंने कहा कि हरप्रीत सिंह इलाके के प्रसिद्ध कपड़ा कारोबारी हैं, ऐसे में इस तरह फैक्ट्री में घुसकर उनपर हमला होना व्यापारिक समुदाय के लिए बेहद चिंताजनक माना जा रहा है। व्यापारियों ने शहर की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए थाना दरेसी के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने लुधियाना के पुलिस कमिश्नर से मांग की कि शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाएं व्यापार और आम लोगों दोनों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करे और शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करे। इस संबंध में एसीपी बेहबल सिंह ने बताया कि पुलिस की तरफ से अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है, वही लुटेरों की लोकेशन चेक करने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फोटेज खंगाली जा रही है।

# इसलिए होते हैं हादसे... क्योंकि लोग लापरवाह होकर रोड क्रॉस करते हैं



**लक्की भट्टी/ लधियाना**
**समर न्यूज़**



लुधियाना-दिल्ली नेशनल हाईवे सहित अन्य व्यस्त सड़कों पर अक्सर देखा जाता है कि लोग तेज रफ्तार ट्रैफिक के बीच से बिना सेफ्टी के रोड क्रॉस करते हैं, जिससे कभी-कभी हादसे हो जाते हैं। बार-बार ऐसे मामलों में मोटर साइकिल सवार या फुटपाथ पर चलने वाले पैदल यात्री अपनी जान खतरे में डालते और ट्रैफिक की समस्या गंभीर हो चुकी है।

# ओवरलोड और ओवरसाइज्ज वाहनों पर कार्रवाई, 52 वाहनों के किए चालान



ओवरलोडेड वाहनों के चालान करती पुलिस। -समर न्यूज़

**सौरव अरोड़ा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

सड़कों की सुरक्षा और ट्रैफिक अनुशासन को सख्ती से लागू करने के लिए लुधियाना कमिश्नरेट ट्रैफिक पुलिस ने ओवरलोड और निर्धारित लंबाई-चौड़ाई से अधिक चलने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। शहर के अलग-अलग रूटों पर ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने सख्त चेकिंग करते हुए ऐसे सभी वाहनों पर कार्रवाई की जो नियमों की अवहेलना करते हुए अत्यधिक भार के साथ चल रहे थे या वाहन की तय साइज लिमिट को पार कर रहे थे। इस अभियान के दौरान कुल 52 चालान जारी किए गए। इसमें ट्रक, कमर्शियल कैरियर और अन्य भारी वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई शामिल रही। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि ओवरलोड और ओवरसाइज वाहन सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति आगे भी जारी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने शहर के सभी ट्रांसपोर्टेरों और वाहन मालिकों से अपील की है कि वे लोड और वाहन आयामों के नियमों का पालन करें, ताकि सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# नगर निगम जोन-ए दफ्तर के बाहर फुटपाथ पर अवैध कब्जे, पार्क में गंदगी के ढेर, नशेड़ी खुलेआम करते हैं पार्क में नशा

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**





जोन ए के बाहर पार्क में पड़े गंदगी के ढेर और सड़कों पर अवैध कब्जे बेखौफ। -इकबाल हैप्पी

एक तरफ नगर निगम शहर में खुले में कचरा फेंकने और कूड़े को आग लगाने वालों पर लगातार चालान काट रहा है। तहबाजारी विभाग सभी जोनों में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई का दावा भी कर रहा है। लेकिन दूसरी तरफ निगम का ही जोन-ए दफ्तर जहां रोज हजारों लोग अपना काम करवाने आते हैं उसके बाहर की स्थिति निगम के तमाम दावों को कटघरे में खड़ा कर रही है। जोन-ए दफ़्तर के बाहर बना पार्क पूरी तरह बदहाल है। पार्क में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और शाम ढलते ही नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम की सफाई मुहिमें सिर्फ कागजों में चल रही हैं, असली स्थिति तो उनके दफ़्तर के बाहर ही दिखाई देती है। फुटपाथ का हाल और भी खराब है। पैदल यात्रियों के लिए बनाए गए इन रास्तों पर रेहड़ी-फड़ी वालों, चाय-ढाबे वालों और अन्य अस्थाई दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। लोगों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ती है। शहरवासी सवाल उठा रहे हैं कि जब निगम अपने दफ्तर के बाहर अवैध कब्जे और गंदगी नहीं हटवा पा रहा, तो शहर में कैसे सख़्ती लागू करेगा।

*▪ जोन-ए दफ़्तर के बाहर बना पार्क पार्किंग ठेकेदार की जिम्मेदारी में आता है और वही इसकी सफाई करवाने के लिए बाध्य है। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत मौके पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही मेयर ने लोगों से भी सहयोग की अपील की। कूड़ा खाली प्लॉटों में न फेंकें और न ही कहीं अवैध कब्जा करें। शहर को साफ-सुथरा बनाने में निगम के साथ कदम मिलाकर चलें।*

***-प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, मेयर***

# हॉस्टल में फंदे से लटकी मिली 20 वर्षीय युवती

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

मंगलवार शाम खासी क्लां इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 27 वर्षीय गीता के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गीता की शादी करीब सात साल पहले हुई थी और वह दो बेटियों की मां थी। वह 4 माह की गर्भवती थी। वह घरेलू सामान लेने के लिए शाम करीब 5 बजे घर से निकली थी। रास्ते में पहुंचते ही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गीता सड़क पर गिरते ही लहूलुहान हो गई। हादसे के बाद आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत उसे उठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण वह अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गर्भवती होने के कारण परिवार पर दोहरी मार पड़ी है और घर में मातम पसरा हुआ है। मृतका के भाई ने बताया कि गीता अपने बच्चों के लिए बाजार से सामान लेने गई थी, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। उसने बताया कि गीता का परिवार इस सदमे से उबर नहीं पा रहा है। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है, ताकि हादसा करने वाले चालक का सुराग मिल सके।

# लूट से मना करने पर बदमाशों का सिक्योरिटी गार्ड पर हमला, सिक्योरिटी गार्ड के सिर पर लगे 25 टांके, पैरों की हड्डियां टूटी

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

ढंडारी कलां इलाके में मंगलवार की रात करीब 9 बजे लुटेरों ने एक फैक्टरी के सिक्योरिटी गार्ड और कर्मचारी पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना उस समय हुई जब बदमाश फैक्टरी के बाहर से गुजर रहे एक व्यक्ति से लूटपाट करने आए, जहा शोर सुन सिक्योरिटी गार्ड ने लुटेरों को वहां से भगाया।

अस्पताल में मामले की जानकारी देते हुए सिक्योरिटी गार्ड शिव कुमार ने बताया कि जैसे ही वह बदमाशों को भगाकर वापिस फैक्टरी में दाखिल हुआ,तो उक्त बदमाशों ने फैक्टरी में दाखिल होकर उसकी व दूसरे सिक्योरिटी गार्ड गुरमुख और क्वालिटी सुपरवाइजर अजीत पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में घायल सिक्योरिटी गार्ड गुरमुख के सिर पर 25 टांके लगे और उसके दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई।

वहीं शिव और अजीत को भी गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही फैक्टरी मालिक अस्पताल में पुहंचा, जिसने घायलों का इलाज करवा मामले की सूचना थाना फोकल पॉइंट की पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पुहंच मामले की जांच शुरू की।



जानकारी देते घायल। -समर न्यूज़

# सड़क हादसे में गर्भवती महिला की मौत हुई

**शेखर वर्मा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

मंगलवार शाम खासी क्लां इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 27 वर्षीय गीता के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गीता की शादी करीब सात साल पहले हुई थी और वह दो बेटियों की मां थी। वह 4 माह की गर्भवती थी। वह घरेलू सामान लेने के लिए शाम करीब 5 बजे घर से निकली थी। रास्ते में पहुंचते ही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गीता सड़क पर गिरते ही लहूलुहान हो गई। हादसे के बाद आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत उसे उठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण वह अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गर्भवती होने के कारण परिवार पर दोहरी मार पड़ी है और घर में मातम पसरा हुआ है। मृतका के भाई ने बताया कि गीता अपने बच्चों के लिए बाजार से सामान लेने गई थी, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। उसने बताया कि गीता का परिवार इस सदमे से उबर नहीं पा रहा है। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है, ताकि हादसा करने वाले चालक का सुराग मिल सके।

## जायका... लुधियाना की शान बंसल स्वीट की दुकान, मोतीचूर से लेकर पतीसा ग्राहकों की पहली पसंद

# मिठाइयों का स्वाद ऐसा, विदेशों तक है डिमांड

**अकाश मांडी/लुधियाना**
**समर न्यूज़**





बंसल स्वीट शॉप के मैनेजर जानकारी देते हुए। -समर न्यूज़

शहर में वैसे तो बहुत पुरानी और प्रसिद्ध दुकानें हैं परंतु लुधियाना के माडल टाउन स्थित बंसल स्वीट शॉप जिनकी मिठाईयों की बात करें तो मुंह में पानी आ जाता है। इसको लेकर ब्रांच के मैनेजर करण ने बताया कि बंसल स्वीट्स की शुरुआत अमृतसर जिले में साल 1981 में हुई थी। इससे पहले 1979 में दिल्ली में इसकी दूसरी ब्रांच खुली और लोगों के अपार प्यार के बाद कुछ समय बाद तीसरी ब्रांच भी वहीं शुरू की गई। करण बताते हैं कि आज बंसल स्वीट्स कई शहरों में अपनी पहचान बना चुका है और लोग यहां की मिठाइयों को विदेशों तक लेकर जाते हैं। करण के अनुसार, बंसल स्वीट्स की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली मिठाई मोटीचूर लड्डु है। उनका कहना है कि यहां का मोटीचूर मुंह में डालते ही घुल जाता है। खास देसी घी, बेहतरीन गुणवत्ता वाले बेसन और पारंपरिक तरीके से बनाई गई यह मिठाई दुकान की सबसे बड़ी पहचान है।

**▪ पतीसा और पिन्नी खास स्वाद की सौगात...**

मोटीचूर के साथ यहां का पतीसा भी ग्राहकों की पहली पसंद है। इसे ड्राईफ्रूट और अन्य खास सामग्री के साथ तैयार किया जाता है, जो इसके स्वाद को और भी समृद्ध बनाता है। इसके अलावा यहां की पिन्नी भी काफी मशहूर है। यह पिन्नी विशेष सामग्री और शुद्ध घी से तैयार की जाती है। करण बताते हैं कि इसे खास तौर पर माह की दाल से बनाया जाता है, जो इसे बाकी जगहों पर मिलने वाली पिन्नियों से अलग बनाता है।

**▪ मिठाइयों के साथ बेकरी और फास्ट-फूड की रेंज भी हिट...**

बंसल स्वीट्स सिर्फ मिठाइयों तक सीमित नहीं है। दुकान पर बेकरी, फास्ट-फूड और गिफ्ट आइटम्स भी बड़ी रेंज में उपलब्ध हैं। बेकरी सेक्शन में केक, पेस्ट्री, कुकीज़ और ब्रेड जैसे कई विकल्प मौजूद हैं। वहीं, फास्ट-फूड मेन्यू में चाट, समोसे, कचौड़ी जैसी पसंदीदा स्नैक्स रोज बड़े पैमाने पर बिकती हैं। गिफ्ट आइटम्स की बात करें तो यहां ड्राईफ्रूट, चॉकलेट और विभिन्न तरह के पैकिंग विकल्प उपलब्ध हैं, जिन्हें त्योहारी सीज़न के दौरान खास तौर पर पसंद किया जाता है। करण कहते हैं कि लोग गिफ्ट पैक विदेशों तक ले जाते हैं और कई बार पहले से ऑनलाइन ऑर्डर भी बुक कर देते हैं। लुधियाना में मिठाई की बात हो और बंसल स्वीट्स का नाम न आए, ऐसा मुश्किल है। वर्षों से दुकान अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए जानी जाती है। ग्राहक यहां सिर्फ मिठाई खरीदने नहीं आते, बल्कि पारिवारिक रिश्तों और उत्सवों का स्वाद बढ़ाने के लिए आते हैं।

## ▪ फिक्की फलौ कार्यक्रम में मिस यूनिवर्स शेरी सिंह पहुंची

# सपनों को पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती

**साक्षी शर्मा/लुधियाना**
**समर न्यूज़**



महाराजा रिजेंसी में फिक्सी में फिक्सी फलौ के प्रोग्राम में मिस यूनिवर्स शेरी सिंह पहुंची। इस दौरान मिस यूनिवर्स शेरी सिंह ने कहा कि लुधियाना की महिलाओं से मिलकर बहुत अच्छा लगा, सभी का साथ एक परिवार की तरह रहा और सभी ने बहुत सम्मान दिया। मिस यूनिवर्स ने कहा कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए कोई आयु या समय फिक्स नहीं है कभी भी आप किसी भी समय अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। इस दौरान फिक्सी की चेयरपर्सन श्वेता जिंदल ने कहा कि आज हमारे बीच शैरी सिकंदर सिंह गुड़गांव से आए हैं। उन्होंने कहा कि शैरी सिकंदर ने हमारे फिक्सी प्रोग्राम में आकर शोभा बढ़ाई। उन्होंने कहा कि लाइफ में कभी भी अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहिए हर एक समय को खुलकर जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगले महीने फिक्सी फलौ के द्वारा क्रिसमिस का त्यौहार मनाया जाएगा और एक फेशन शो भी करवाया जाएगा। वहीं, ईशू अरोड़ा ने बताया कि मिस यूनिवर्स एक बहुत अच्छी पर्सनेलिटी हैं। इन्होंने हमारे प्रोग्राम में आकर चार चांद लगा दिए। ईशू ने कहा कि उन्होंने लुधियाना की महिलाओं को एक मोटिवेट पॉजिटिविटी दी है। उन्होंने श्वेता जिंदल का भी ये प्रोग्राम करवाने के लिए दिल से धन्यावाद किया। उन्होंने कहा कि उड़ने के लिए किसी पर की जरूरत नहीं होती बस अपने सपनों के लिए फोकस करो और उसे पूरा करने के लिए कोशिश करते रहो। और इसके साथ ही उन्होंने लुधियाना की महिलाओं के लिए भी ये मैसेज दिया कि हमारा फिक्स फलौ महिलाओं को मोटिवेड करता है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 75